संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -75 सोमवार, 15 जनवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा भारत जोड़ो यात्रा

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की

» राहुल बोले- पीएम यहां आंसू पोछने नहीं आए...

» सीएम बीरेन ने कहा-राहुल के आने से स्थिति बिगड़ती...

**इंफाल,14 जनवरी 2024(ए)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा-मणिपुर में भाई-बहन,माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने,गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

उधर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राहुल की यात्रा को लेकर संदेह जताया। सीएम ने कहा, राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, क्या यह रैली आयोजित करके राजनीति करने का समय है?

यह वास्तव में भारत तोड़ो यात्रा है, न कि भारत जोड़ो यात्रा है। हमें संदेह है कि राहुल ने इसमें गड़बड़ी की है। वे जब भी आते हैं तो दिक्कत हो जाती है। इस बार मणिपुर अलर्ट पर है।

राहुल के साथ अशोक गहलोत,सचिन पायलट,दिग्विजय सिंह,सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा और राजीव शुक्ला जैसे कई सीनियर नेता मणिपुर पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी। इसमें राहुल 6700 किमी का सफर तय करेंगे। यात्रा 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।



### राहुल के भाषण की दो अहम बातें...

➡ चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है।

➡ 2004 से मैं राजनीति में हूं,पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया। जहां गर्वनेंस का पूरा स्ट्रक्चर बिगड़ गया। 29 जून के बाद से मणिपुर बदल गया। कोने-कोने में नफरत फैली। लाखों लोगों को नुकसान हुआ। भाई-बहन माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

मणिपुर में राहुल की न्याय यात्रा को लेकर सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा, राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए,क्या यह रैली आयोजित करके राजनीति करने का समय है? यह वास्तव में भारत तोड़ो यात्रा है, न कि भारत जोड़ो यात्रा है। हमें संदेह है कि राहुल ने इसमें गड़बड़ी की है। वे जब भी आते हैं तो दिक्कत हो जाती है। इस बार मणिपुर अलर्ट पर है।

### राहुल 6 हजार किमी से ज्यादा का सफर करेंगे

20 मार्च को खत्म होने वाली यात्रा 15 राज्य और 110 जिलों के 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। इस दौरान राहुल गांधी बस से और पैदल 6 हजार 713 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करेंगे। यह मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र में खत्म होगी।

### जयराम रमेश बोले- यह चुनावी यात्रा नहीं है...

कांग्रेस की न्याय यात्रा को लेकर पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार 13 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृतकाल के सुनहरे सपने दिखा रहे हैं, लेकिन हकीकत ये है कि पिछले 10 साल, अन्याय के काल रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले 10 साल में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अन्याय हुआ है, उसी को ध्यान में रखते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है। कांग्रेस पार्टी के मन में क्या है, इस बारे में राहुल गांधी जनता के बीच जाकर बताएंगे। यह एक वैचारिक यात्रा है, चुनावी यात्रा नहीं है।

### यात्रा की परमिशन पर पॉलिटिक्स

कांग्रेस की न्याय यात्रा शुरू होने से पहले ही परमिशन को लेकर चर्चा में रही। पार्टी इसकी शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से करने वाली थी। इसके लिए उसने 2 जनवरी को राज्य सरकार से हत्ता कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा शुरू करने की परमिशन मांगी थी।

कानून-व्यवस्था का हवाला देकर पहले इससे इनकार कर दिया गया। हालांकि, 10 जनवरी को कुछ शर्तों के साथ इसकी अनुमति मिली। सरकार ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर 1 हजार से ज्यादा लोगों को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बाद कांग्रेस के मणिपुर अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कहा कि शर्तें हमारे लिए चिंताजनक थीं। इसके बाद हमने जगह बदलकर थौबल करने का फैसला लिया। थौबल प्रशासन ने कांग्रेस के सामने शर्त रखी कि यह कार्यक्रम 1 घंटे में खत्म हो जाना चाहिए और 3 हजार से ज्यादा की भीड़ न हो।

### मणिपुर से यात्रा शुरू करके पूर्वोत्तर की 25 सीटें साधने की कोशिश

थौबल से यात्रा की शुरुआत पूर्वोत्तर राज्यों को ध्यान में रखते हुए की गई है। रणनीतिकार मानते हैं कि मणिपुर में हिंसा से लोगों का भाजपा से मोह भंग हुआ है। यही वजह है कि पूर्वोत्तर की 25 सीट के लिए राहुल गांधी 13 दिनों तक यहां रहेंगे।दरअसल, मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जारी हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। वहीं, हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं।

### यूपी में सबसे ज्यादा समय तक रहेगी न्याय यात्रा

भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नागालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमी और 17 जिलों को कवर करेगी। इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी।रूट मैप के मुताबिक, यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और सात जिले शामिल होंगे। बिहार में चार दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा। इसके बाद झारखंड में यात्रा आठ दिन में 804 चरूऔर 13 जिलों को कवर करेगी।

ओडिशा में न्याय यात्रा चार दिन में 341 किमी और चार जिलों को कवर करेगी और छत्तीसगढ़ में पांच दिन में 536 किमी और सात जिलों को कवर करेगी। कांग्रेस की यह यात्रा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 11 दिन का समय बिताएगी और 20 जिलों को कवर करेगी।

मध्य प्रदेश में यात्रा सात दिनों में 698 किमी और 9 जिलों को कवर करेगी। यह एक दिन में राजस्थान के 2 जिलों जाएगी। राहुल की यह यात्रा गुजरात और महाराष्ट्र में पांच-पांच दिनों तक चलेगी, जो क्रमशः 445 किमी और 479 किमी की दूरी तय करेगी। इसका समापन 20 या 21 मार्च को मुंबई में होगा।

### कांग्रेस ने यात्रा के लिए लॉन्च किया गाना

12 जनवरी को कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए नया गाना लॉन्च किया। पार्टी ने सहो मत-डरो मत टैगलाइन के साथ इसे न्याय गीत का नाम दिया। इसमें प्रदर्शनकारी महिला पहलवानों, राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो पदयात्रा की कुछ झलकियां, कोरोना महामारी के दौरान मौतें और किसानों, मजदूरों के साथ कांग्रेस नेता की बातचीत को दिखाया गया है।

### यूपी में यात्रा का फोकस अमेठी-वाराणसी में रहेगा

भारत जोड़ो न्याय यात्रा सबसे ज्यादा दिन यूपी में रहेगी। यह यात्रा 11 दिन में 20 से ज्यादा जिले कवर करके कुल 1074 किमी की दूरी तय करेगी। यूपी में सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं, लेकिन साल 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई थी। रायबरेली से केवल सोनिया गांधी को जीत मिली थी।इस चुनाव में कांग्रेस अपनी पैतृक सीट अमेठी भी हार गई थी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को बड़े अंतर से हरा दिया था। ऐसे में कांग्रेस का फोकस लोकसभा की कई अहम सीटों पर रहेगा। इनमें वाराणसी, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ और प्रयागराज शामिल हैं।

## सोनिया गांधी पर टिप्पणी करके बुरे फंसे उपमुख्यमंत्री नारायण स्वामी,मामला दर्ज




**हैदराबाद,14 जनवरी 2024 (ए)।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नारायण स्वामी के खिलाफ कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के एक नेता की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस नेता की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नारायण स्वामी ने कांग्रेस पार्टी की नेता सोनिया गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। दरअसल, साल 2009 में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में वाईएसआर की मौत को लेकर नारायण स्वामी ने बयान दिया था। इस बयान को सोनिया गांधी के साथ भी जोड़ा गया था। इसी मामले में मल्लू रवि ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मल्लू रवि ने अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई. एस. राजशेखर रेड्डी की मौत से सोनिया गांधी और तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को जोड़े जाने संबंधी नारायण स्वामी की कथित टिप्पणियों को लेकर पुलिस में शिकायत की है। बता दें कि राजशेखर रेड्डी की 2009 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसी मामले में नारायण स्वामी ने टिप्पणी की थी। वहीं शिकायतकर्ता मल्लू रवि ने आरोप लगाया है कि स्वामी ने गलत जानकारी फैलाई है। वहीं पुलिस का कहना है कि शहर के बेगमबाजार पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज एक लाख लोगों को देंगे बड़ी सौगात

### पीएम-जनमन के तहत जारी करेंगे पहली किस्त



**नई दिल्ली,14 जनवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार यानि 15 जनवरी को पीएम-जनमन के तहत पीएमएवाई (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पीएम-जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई - जी) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे।

अंत्योदय के मिशन के तहत, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2023 को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन योजना की शुरुआत की गई थी।

लगभग 24,000 करोड़ रुपए के बजट वाली पीएम-जनमन योजना,9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर काम करती है और इसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को घरों और बस्तियों को सुरक्षित आवास एवं स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ, जल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसर मुहैया कराकर इनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस को लगा तगड़ा झटका

### मिलिंद देवड़ा एकनाथ शिंदे की शिवसेना में हुए शामिल



**मुंबई,14 जनवरी 2024(ए)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए हैं। इस दौरान शिंदे ने उन्हें भगवा झंडा भी भेंट किया।

मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना में शामिल होने के बाद कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने के लिए कांग्रेस के साथ अपने 55 सालों के साथ को छोड़ दूंगा।


### बिलासपुर में महसूस किए गए भूकंप के झटके



**रायपुर/बिलासपुर,14 जनवरी 2024(ए)।** बिलासपुर में भूकंप के झटके की खबर से पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गया। बिलासपुर में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रविवार दोपहर दो बजकर 18 मिनट पर भूकंप आया है। रिक्टर स्केल पर 3.1 की तीव्रता वाला भूकंप आने की जानकारी मिल रही है। इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से दी गई है। किसी तरह के हताहत की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## मॉरिशस सरकार ने भी किया 22 जनवरी को छुट्टी का ऐलान

### देश ही नहीं विदेश में भी राम की मची है धूम



**नई दिल्ली,14 जनवरी 2024 (ए)।** 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हर व्यक्ति उत्साहित है सभी अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए लोग विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहें है। प्रत्येक व्यक्ति इस दिन का साक्षी बनना चाहता है। उत्तरप्रदेश में प्राण प्रतिष्ठा के दिन छुट्टी भी रखी गई है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी उत्साहवर्धन के लिए मॉरीशस सरकार ने भी हिन्दुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए हिन्दु अधिकारियों के लिए 22 जनवरी को 2 घंटे का विशेष अवकाश देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ के नेतृत्व में मॉरीशस कैबिनेट ने शुक्रवार को इसका फैसला किया। मॉरीशस सरकार ने कहा ÷कैबिनेट ने सोमवार 22 जनवरी 2024 को दोपहर दो बजे से लेकर दो घंटे के लिए विशेष छुट्टी देने पर सहमति व्यक्त की है। भारत में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हिंदू अधिकारियों के लिए एक ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतीक है।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जनवरी को दोपहर में राम मंदिर के गर्भगृह में राम लला को विराजमान करने का निर्णय लिया है, श्री राम लला की मूर्ति की औपचारिक स्थापना पीएम मोदी के द्वारा की जाएगी।


## असीम राय के शूटर को पिस्टल सप्लाई करने वाला आरोपी भी गिरफ्तार

**कांकेर,14 जनवरी 2024 (ए)।** असीम राय हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । कांकेर पुलिस ने शूटर विकास तालुकदार को चंद्रपुर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर आज प्रेस के सामने प्रस्तुत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या करने वाला शूटर आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ ही गया।भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की पखांजूर में 7 जनवरी की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस पखांजूर नगर पालिका अध्यक्ष बप्पा गांगुली के साथ पार्षद विकास पाल के साथ 12 लोगों को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं मामले में फरार चल रहे शूटर विकास मजूमदार को ट्रेक कर पुलिस ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने विकास की निशानदेही पर हत्याकाण्ड में इस्तेमाल किए गए 7.65 एमएम पिस्टल, 2 मैग्जीन एवं 8 नग राउण्ड को गोपी दास के घर से पैरावट में बरामद किए।



वहीं शूटर विकास तालुकदार को पिस्टल सप्लाई करने वाले आरोपी सोनू साहू को दंतेवाडा से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे गए 2 नग पिस्टल, 2 मैग्जीन एवं 30 राउण्ड बरामद किए।

## जगन सरकार की उल्टी गिनती शुरू



**अमरावती,14 जनवरी 2024 (ए)।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।पूर्व मुख्यमंत्री ने जन सेना पार्टी (जेएसपी) नेता और अभिनेता पवन कल्याण के साथ अमरावती के मंडदम में भोगी समारोह में हिस्सा लिया। दोनों नेताओं ने वाईएसआरसीपी सरकार के 'जनविरोधी' नीतियों को भोगी अग्नि में जलाया।

टीडीपी और जेएसपी ने आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा की है। दोनों दल भोगी मनाने के लिए एक साथ आए, जो तीन दिवसीय संक्रांति उत्सव की शुरुआत है।


## शराब की बोतल में मिला कीड़े जैसा पदार्थ

### टीएएसएमएसी को देना होगा 5 लाख रुपये का जुर्माना



**चेन्नई,14 जनवरी 2024 (ए)।** श्रीविलीपुथुर के तमिलनाडु उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक उपभोक्ता की शिकायत पर तमिलनाडु राज्य विपणन निगम लिमिटेड (टीएएसएमएसी) और एक डिस्टिलरी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि उपभोक्ता ने निगम के आउटलेट से खरीदी गई ब्रांडी की बोतल में बग जैसा पदार्थ पाया था। 5 लाख रुपये के जुर्माने के अलावा, दोनों पक्षों को याचिका दायर करने वाले शिकायतकर्ता को 35,120 रुपये की राशि का भुगतान करने का निर्देश भी दिया गया है। जिला उपभोक्ता निवारण आयोग के अध्यक्ष एसजे चक्रवर्ती और सदस्य एम. मुथुलक्ष्मी ने प्रभावित पक्ष ए. मारीकन्नन द्वारा दायर याचिका पर आदेश जारी किया। मारीकन्नन ने अपनी शिकायत में कहा था कि उन्होंने मई, 2021 में श्रीविलीपुथुर के मुहावूर में टीएएसएमएसी दुकान से 120 रुपये में ब्रांडी की 180 मिलीलीटर की बोतल खरीदी थी। उन्होंने बोतल के अंदर एक बड़ा पदार्थ देखा और अगले दिन वह टीएएसएमएसी आउटलेट पर गए और बदलने को कहा।उसने उन्हें यह भी बताया कि उसने न तो बोतल की सील तोड़ी है और न ही बोतल खोली है।लेकिन टीएएसएमएसी के लोगों ने ऐसा करने से मना कर दिया और कहा कि यहां रिप्लेसमेंट पॉलिसी नहीं है। इसके बाद मारीकन्नन ने उपभोक्ता निकाय में याचिका दायर की, जिसने टीएएसएमएसी अधिकारियों और डिस्टिलरी पर जुर्माना लगाया।

मारीकन्नन ने चेन्नई में डिस्टिलरी हेड ऑफिस, पुदुक्कोट्टई में डिस्टिलरी के मैनेजर, विरुधुनगर में टीएएसएमएसी के क्षेत्रीय प्रबंधक और मुहवूर में टीएएसएमएसी दुकान के प्रबंधक के खिलाफ याचिका दायर की थी।



## 20 जनवरी के बाद बाहरियों को नहीं मिलेगा अयोध्या में प्रवेश

**अयोध्या,14 जनवरी 2024(ए)।** 20 जनवरी से ही रामनगरी में बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। अयोध्या धाम व शहर के भीतर रहने वालों को उनके घर तक पहुंचने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए उन्हें पहचान पत्र दिखाना होगा। अयोध्या धाम के भीतर रहने वालों से पुलिस प्रशासन ने 21 व 22 जनवरी को न निकलने की अपील की है।20 से 22 जनवरी तक अयोध्या धाम हाई सिक्योरिटी जोन में रहेगा। रामनगरी की सभी सीमाएं सील रहेंगी। 20 जनवरी से ही अयोध्या धाम के भीतर बाहरी वाहनों को प्रवेश न देने की तैयारी है। इन वाहनों को उदया चौराहा, साकेत पेट्रोल पंप, नया घाट समेत अन्य एंट्री प्वाइंटों पर रोका जाएगा। सिर्फ अयोध्या धाम के भीतर रहने वालों को उनके घर तक जाने की छूट दी जाएगी।

### महिला सीईओ ने पति से कहा,जब तक मैं हिरासत में हूं,तुम आजाद हो

## बेटे की हत्या से किया इंकार

### बेंगलुरु की महिला सीईओ सूचना सेठ और उसके पति वेंकट रमन पुलिस स्टेशन में हुए आमने-सामने

**पणजी,14 जनवरी 2024(ए)।** चार साल के बच्चे की हत्या की आरोपी बेंगलुरु स्टार्ट-अप की सीईओ सूचना सेठ और उनके पति वेंकट रमन, गोवा पुलिस के सामने पेश हुए। उन्होंने 15 मिनट तक एक दूसरे से बातचीत की। पूरे समय घमासान युद्ध होता रहा। सूचना और वेंकट ने विभिन्न घटनाओं के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।



वेंकट ने अपने बेटे की हत्या के लिए सूचना को दोषी ठहराया। उसने अपनी पत्नी से माफी मांगी। सूचना ने अपने विषाक्त विवाह के लिए वेंकट को दोषी ठहराते हुए प्रतिवाद किया। उन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया। वेंकट ने आरोपों से इनकार किया। सूचना ने बच्चे की हत्या के बारे में जो बात पुलिस से कही, वही बात उसने अपने पति के सामने भी कही। उसने कहा कि उसे नहीं पता कि उसके चार साल के बच्चे की मौत कैसे हुई। वह अपने बेटे के साथ सोई थी। वह जागती है और देखती है कि उसका बेटा मर चुका है।

वेंकट ने दावा किया कि बच्चा अपने पिता से मिलना चाहता होगा। इसे सहन न कर पाने पर सूचना ने क्रोध में आकर यह अपराध कर डाला। उन्होंने आरोप लगाया कि कोर्ट के आदेश के बावजूद सूचना ने उनके बेटे को उनसे मिलने नहीं दिया। कोर्ट ने लड़के को अपनी मां के साथ रहने का आदेश दिया।

## संपादकीय

# अड़ियल रुख छोड़े चीन

### एलएसी पर सेना का जमावड़ा

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने भारत-चीन सीमा के ताजा हालात पर जो कहा, वह दोनों देशों के बीच चल रहे गतिरोध पर भारत के कड़े रुख को दर्शाता है। सेना प्रमुख ने साफ-साफ कहा कि सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती तब तक रहेगी जब तक वहां हालात नहीं बदलते। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का पहला उद्देश्य सीमा पर 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना है। जब यह हो जाएगा, तभी अन्य बातों पर विचार किया जाएगा।

दो दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमारे सहयोगी इंटरव्यू में भी भारत-चीन संबंधों में आए गतिरोध पर ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने साफ किया था कि जब तक स्टेटस को आंटे (यानी यथास्थिति से पहले की स्थिति) बहाल नहीं की जाती तब तक संबंधों में बेहतरी की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती।

इस मामले में शुरू से भारत अपने इस रुख पर कायम है। अगर दोनों देशों के रिश्तों को देखा जाए तो सीमा को लेकर मतभेद तो हमेशा रहे। मगर इसके बावजूद विश्वास का माहौल बन गया था, जिसके आधार पर न केवल सीमा पर लंबे समय से शांति बनी हुई थी बल्कि द्विपक्षीय सहयोग और व्यापार भी फल-फूल रहा था। अप्रैल-मई 2020 में चीन की एकतरफा कार्रवाई से वह स्थिति बदली और दोनों देशों के बीच टकराव का नया दौर शुरू हुआ।

ऐसे में जब तक सीमा पर उस कार्रवाई से पहले वाली स्थिति बहाल नहीं की जाती, तब तक यह कहने का क्या अर्थ है कि बीती बातों को भूलकर नए सिरे से सहयोग शुरू किया जाए? यही मूल बिंदु है जहां बात आगे नहीं बढ़ रही। सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के दौर पर दौर हुए, कुछ बातों पर सहमति भी बनी लेकिन 2020 मध्य से पहले की स्थिति बहाल करना तो दूर, चीन बचे हुए दो प्रमुख स्थानों देपसांग और देमचोक पर सैन्य उपस्थिति कम करने को भी राजी नहीं हो रहा।

यही वजह है कि भारत ने भी खुद को इस बात के लिए तैयार कर लिया है कि सीमा पर बना यह गतिरोध लंबे समय तक चल सकता है। एलएसी पर 50 हजार से ज्यादा सैनिकों के लिए रहने की जगह तो पहले ही बन चुकी थी, वहां इसी हिसाब से इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने और कनेक्टिविटी डिवेलप करने की भी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि एलएसी पर इतनी बड़ी संख्या में फौज की मौजूदगी लगातार बनाए रखना दोनों देशों के लिए न केवल कठिन है बल्कि संसाधनों की बर्बादी भी है। इसलिए यह दोनों के हक में है कि मध्य 2020 से पहले की स्थिति बहाल कर संबंधों में भी पुराना विश्वास कायम करने की कोशिश की जाए। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझ ले उतना अच्छा।

# जागो सोने वालों!



**पंकज शर्मा तरुण**
पिपलिया मंडी मंदसौर मध्यप्रदेश

**जब** से हमारे देश में, पाश्चात्य देशों की संस्कृति का ,युवा वर्ग द्वारा,भ्रामक प्रचार-प्रसार के झांसे में आकर अंधानुकरण प्रारंभ किया है,अर्ध नग्नता, बेशर्मी और खाने-पीने की वस्तुओं ने अपने जाल में फांस लिया है। फटी हुई जींस से झांकता जिस्म इन तथा कथित शिक्षित युवाओं को कितना असभ्य बना कर छोड़ दिया है ,यह किसी से भी छुपा हुआ नही है? खाने पीने की वस्तुओं में देखें तो पिज्जा ,बर्गर,मोमूस, मैगी,चाइनीज फूड और न जाने क्या -क्या बाजारों में तो उपलब्ध है ही ऑन लाइन पर ऑर्डर करें तो घर बैठे लड़का आ कर समयावधि में आपकी सेवा में प्रस्तुत कर देगा!


सबसे अहम बात तो यह है कि हम जिस प्राकृतिक माहौल में निवास करते हैं,जिस देशी भोजन के आदि हैं,हमारे भारतीय समाज के रक्त में रचे बसे भोज्य पदार्थ जो अत्यंत ही मधुर पोष्टिक और स्वास्थ्य वर्धक होते हैं उनको तो मिलावटी सर्पों ने अपने स्वार्थ पूर्ति के चलते विषैला कर दिया है! वहीं इन विदेशी खाद्य पदार्थों ने हमें अस्पतालों में बैठे अपने ही स्वार्थी असुर डॉक्टरों के हाथों अपने प्रभावित अंगों की महंगी सर्जरी करने का कुअवसर प्रदान कर दिया है। यह बात भी सही है की पाश्चात्य देशों की जलवायु हमारी जलवायु से पूरी तरह भिन्न है। हो सकता है उन लोगों के लिए यह सब खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य वर्धक हों !लेकिन हम भारतीयों के लिए तो वाकई में यह सब जान लेवा ही साबित हो रहे हैं।यह भी हो सकता है कि यह हमारी युवा शक्ति को कमजोर करने की अप्रत्यक्ष साजिश की जा रही हो? सरकार मोटे अनाज या मिलेट्स को क्यों प्राथमिकता दे रही है उसके पीछे कहीं न कहीं यह कारण भी हो सकता है।युवा शक्ति को भी इस संबंध में गंभीरता से सोचना चाहिए।

रसना अर्थात जीभ के चटोरे स्वभाव की चपेट में आया इंसान विवेकहीन हो जाता है!मैने देखा है इन होटलों,ढाबों,फूड पार्लरों में भोजन बनते हुए।किस गंदे तरीके से इनको बनाया जाता है? उच्च ताप पर बनाए गए तेज मिर्च, गरम मसाला युक्त खाना व्यक्ति की रसना को तो तृप्त कर देता है मगर उसका दंड उन निर्दोष आंतों और अंगों को भोगना पड़ता है जो खामोशी से आपके द्वारा किए गए स्वादिष्ट अत्याचार को झेलते हैं और अंततः जवाब दे देते हैं !दुष्परिणामों में पहले बदहजमी,फिर हजम करने के लिए एलोपैथी का विष जो अन्य अंगों को भी सुस्त कर देता है, गैस का सिलेंडर! बना इंसान चुपचाप लुटता रहता है।स्वयं के द्वारा की गई गलतियों का दोष किसे दें?इसीलिए खामोशी से सब सहन करता है।

वैसे देखा जाए तो इस दुर्गति में पूरी सहभागिता वर्तमान व्यवस्था की ही मानी जानी चाहिए जिसने आज युवा वर्ग को गलत राह चुनने के लिए प्रेरित किया और जीवन को दुष्कर बना दिया!मिलावट के इन नागों को मूक समर्थन देकर! फूड इंस्पेक्टर का पद सरकार द्वारा बनाया गया है, मगर यह पूरे देश में कहीं भी नजर नहीं आते!यह पद इतना मलाईदार है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति चारों ओर से मालामाल रहता है।कोई रिस्क नहीं होती।लोग मरे तो मरे!बड़ी- बड़ी कंपनियों के उत्पादों में केमिकल की मिलावट कर हम भारतीयों को महंगे भाव में परोसा जा रहा है। हम भी स्वाद के चक्र में फंस जाते हैं।इन पर किसी प्रकार का कोई अंकुश न होना कहीं न कहीं सोचने को बाध्य करता है। सवाल बनता है कि आखिर इस अराजकता पर कब अंकुश लगेगा।या यूं ही हम भारतीय इस मीठे जहर को खाने के लिए मजबूर रहेंगे?हमारे बच्चे इतने चालाक नहीं हैं बुद्धिमान तो हैं मगर भोले हैं।इनका जीवन नर्क मत बनाइए जंक फूड के नाम पर जहर मत खिलाइए।युवा वर्ग से अपील करुंगा कि एक बार गुगल बाबा से अजिनोमोटो के बारे में अवश्य पूछ लें कि यह केमिकल क्या होता है और इसके क्या गुण धर्म हैं?यही केमिकल आप को इन फास्ट फूड में मिला कर दिया जा रहा है!जागो सोने वालों

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# मकर संक्रांति अर्थात शुभकारी परिवर्तन



**सोनल मंजू श्री ओमर**
राजकोट, गुजरात




**भारत** वर्ष को संस्कृतियों एवं त्यौहारों का देश माना जाता है। ऐसे ही भारत का एक विशेष त्यौहार मकर संक्रांति है। संक्रांति का अर्थ है सुक्रांती अर्थात शुभकारी परिवर्तन। सूर्य मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर चढ़ने लगता है। इस प्रकृति दत्त अवसर को मकर संक्रांति कहते है। मकर संक्रांति में सूर्य उत्तरयण में चले जाते है, इसके पूर्व दक्षिणायण में रहते है। सूर्य के दक्षिणायण में रहने के कारण दिन छोटे व राते बड़ी होती है, जबकि उत्तरायण में स्थित हो जाने पर दिन बड़े व राते छोटी होती है। मकर संक्रांति को स्नान और दान का विशेष महत्व है साथ ही तिल,गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं।

हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार इस विशेष दिन पर भगवान् सूर्य अपने पुत्र भगवान् शनि के पास जाते है, उस समय भगवान् शनि मकर राशि का प्रतिनिधित्व कर रहे होते है। पिता और पुत्र के बीच स्वस्थ सम्बन्धों को मनाने के लिए,मतभेदों के बावजूद, मकर संक्रांति को महत्व दिया गया। ऐसा माना जाता है कि इस विशेष दिन पर जब कोई पिता अपने पुत्र से मिलने जाते है, तो उनके संघर्ष हल हो जाते हैं और सकारात्मकता खुशी और समृधि के साथ साझा हो जाती है। इसके अलावा इस विशेष दिन की एक कथा और है, जो भीष्म पितामह के जीवन से जुडी हुई है, जिन्हें यह वरदान मिला था, कि उन्हें अपनी इच्छा से मृत्यु प्राप्त होगी। जब वे बाणों की सज्जा पर लेटे हुए थे, तब वे उत्तरायण के दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे और उन्होंने इस दिन अपनी आँखें बंद की और इस तरह उन्हें इस विशेष दिन पर मोक्ष की प्राप्ति हुई। यह पर्व देश के विभिन्न राज्यों में अलगलअलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है और इसी खूबी के कारण मकर संक्रांति का पर्व अन्य सभी त्योहारों से अलग व विशिष्ट बन जाता है। तो चलिए जानते हैं देश के विभिन्न हिस्सों में किस तरह सेलिब्रेट किया जाता है यह पर्व। पंजाब में इसे लोहड़ी के नाम से पुकारते है, जिसमे लकड़ियों व उपलों की आग बना कर उसके चारों ओर फेरी लगा कर नाचते गाते है और तिल रेवड़ी इत्यादि चढ़ाते है। वहीं तमिलनाडु व आंध्र प्रदेश में पोंगल नाम से इसे मनाया जाता है। जहां पर लोग पोंगल मनाने के लिए सबसे पहले स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनाई जाती है, जिसे पोंगल कहा जाता है। इसके बाद सूर्य देव की पूजा की जाती है और अंत में उसी खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। वहीं गुजरात में उत्तरायण के नाम से जाना जाता है मकर संक्रांति का पर्व। गुजरात में इस दिन पतंग उड़ाने की प्रथा है। इतना ही नहीं, गुजरात में मकर संक्रांति के पर्व पर पंतगोत्सव का भी आयोजन किया जाता है। गुजराती लोगों के लिए यह एक बेहद शुभ दिन है और इसलिए किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत के लिए इसे सबसे उचित दिन माना जाता है। असम में मकर संक्रांति को बिहू नाम से मनाते है। तो वहीं उत्तर प्रदेश और बिहार में मकर संक्रान्ति को खिचड़ी के नाम से पुकारा जाता है। उत्तरप्रदेश में मकर संक्रांति के दिन को दान के पर्व के रूप में देखा जाता है। इलाहाबाद में तो मकर संक्रांति के दिन से ही माघ मेले की शुरूआत होती है और माघ मेले का पहला नहान मकर संक्रांति के दिन ही किया जाता है। इस खास दिन लोग स्नान के अतिरिक्त दान को भी महत्ता देते हैं। जिसमें खिचड़ी को मुख्य रूप से शामिल किया जाता है। इतना ही नहीं, लोग खिचड़ी को दान करने के साथ-साथ उसका सेवन भी अवश्य करते हैं।

भारत के अलावा मकर संक्रांति दूसरे देशों में भी प्रचलित है लेकिन वहां भी इसे अलग-अलग नाम से ही जाना जाता है। जैसे नेपाल में इसे माघे संक्रांति कहते है। नेपाल के ही कुछ हिस्सों में इसे मगही नाम से भी जाना जाता है। थाईलैंड में इसे सोंग्क्रण नाम से मनाते है। म्यांमार में थिन्ग्यान नाम से जानते है। कंबोडिया में मोहा संग्क्रण नाम से मनाते है। श्री लंका में उलावर थिरुनाल नाम से जानते है। भले विश्व में मकर संक्रांति अलग-अलग नाम से मनाते है लेकिन इसके पीछे छुपी भावना सबकी एक है वो है शांति और अमन की, आस्था की। सभी इसे अंधेरे से रोशनी के पर्व के रूप में मनाते है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आस्था और अर्थव्यवस्था




**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

**देश** में आज हर तरफ़ धार्मिक भावना वाला माहौल बना हुआ है। हर कोई अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर के निर्माण का जश्न मना रहा है। अयोध्या वासियों की खुशी दुगनी है, ज़ाहिर सी बात है मंदिर बनने के बाद रोज़गार की ढ़ेरों दिशाएं खुल जाएगी, शहर का विकास होगा और पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा तो बस स्टेशन, रेल्वे स्टेशन, हवाई अड्डा का आधुनिकीकरण और विकास होगा। रोड़ रास्तों का डेवलपमेंट होगा और शहर की शक्ल सूरत बदल जाएगी। हमारा देश सनातन धर्म को मानने वाला आर्थिक रुप से समृद्ध देश माना जाता है। आस्था और अर्थव्यवस्था का बहुत नज़दीकि रिश्ता है, क्योंकि न केवल किसी राष्ट्र के विकास पर बल्कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पर धर्म के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए धर्म अर्थशास्त्र के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज,धार्मिक पर्यटन विश्व अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े और सबसे लाभदायक उद्योगों में से एक बन गया है।

भारत की आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था 'वर्ण आश्रम' एवं 'मंदिर केंद्रित' रही है। इस्लामिक आक्रमण के साथ देश के सभी बड़े मंदिर नष्ट किए जाने लगे। आक्रमणकारियों को पता था कि भारत की संस्कृति का आधार मंदिर ही है तभी तो सनातन धर्म को परास्त करने के लिए मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा था। 1947 के बाद के विघटित भारत में मंदिरों की संख्या लगभग 20 लाख है। इनमें से नौ लाख सनातन हिंदू समाज के मंदिर हैं। ढाई लाख सिख गुरुद्वारे हैं, जिनमें 12 गुरुद्वारों को विशिष्ट गुरुद्वारों के रूप में गुरुओं ने विशेष कारणों से स्थापित किया। इसके अतिरिक्त शेष गुरुद्वारे सरकारी अभिलेख में मंदिर के रूप में ही दर्ज हैं। इसी प्रकार दो लाख से ज्यादा जैन समाज के मंदिर भी मंदिर के रूप में दर्ज हैं। ये पुराने आंकड़े हैं अब तो बेशक वृद्धि हुई होगी।

योगी आदित्यनाथ ने अपने एक बयान में कहा था कि राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या में टूरिज्म 4 गुना बढ़ जाएगा। उनकी इस बात का काशी विश्वनाथ के आंकड़े समर्थन कर रहे है। काशी विश्वनाथ में जीर्णोद्धार के बाद सिर्फ़ देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर से पर्यटकों की संख्या बढ़ गई। और छोटे मोटे बिज़नस में तेजी दिख रही है।

श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर टूटने के बाद सैकड़ों वर्षों तक अयोध्या सूनी पड़ी थी आज उस सरजमीं पर मानवमेला उमड़ रहा है। अब हवाई, रेल और सड़क मार्ग से अयोध्या को पूरे देश से जोड़ देने के बाद यात्रियों की वृद्धि अयोध्या के विकास के साथ-साथ नई पीढ़ी के रोजगार का दरवाज़ा भी खोलेगी। आंकड़े की मानें तो आज भारत का धार्मिक क्षेत्र 35 करोड़ लोगों को रोज़गार मुहैया कराता है,जबकि केंद्र और राज्यों की कुल नौकरियां साढ़े तीन करोड़ ही हैं। प्रधानमंत्री द्वारा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का उद्घाटन करने के बाद काशी आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या दस करोड़ पार कर गई। इनमें से सात करोड़ से ज्यादा लोगों ने होटलों और धर्मशालाओं में निवास किया। एयर, रोड, रेल तथा निजी वाहनों के प्रयोग से प्राप्त होने वाला टैक्स वाराणसी की विशिष्ट वस्तुओं की खरीद का रिकार्ड 'जीएसटी' विभाग ही दे सकता हैं। नाविकों और रिक्शा चालकों के साथ बुजुर्गो को मंदिर दर्शन कराने वाले व्हीलचेयर चालक भी औसत हजार रुपये प्रतिदिन की कमाई कर रहे है। सामान्य तौर पर धार्मिक पर्यटन कार्यात्मक विशेषताओं के साथ, इस विशेषाधिकार वाले क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज धार्मिक पर्यटनों का एक मजबूत बाजार है जिसमें लोग तीर्थ स्थलों को देखने के लिए देश और विदेशों में यात्रा करते है, तो ज़ाहिर सी बात है भारत में सनातन धर्म के स्थलों पर नये परिसर और आधुनिक सुविधाएं जुटाने से सारे देश में धार्मिक पर्यटन स्थल अर्थव्यवस्था को एक मजबूत किक दे सकता है। जहॉं सुविधाएं मिलती है वहॉं श्रद्धालु जेब हल्की करने से नहीं कतराते। इसके अलावा स्थानीय सामानों की बिक्री भी बढ़ जाती है। जिससे सरकार को मिलने वाले राजस्व कोष में भी वृद्धि होती है। धर्म एक ऐसी भावना है जो सभ्यता के विकास के साथ ही किसी न किसी तरह मनुष्य के जीवन का हिस्सा बनती गई है। भारत में तो




धार्मिक पर्यटन की जड़ें प्राचीन काल से ही गहरी है। प्राचीन काल से ही यात्री आध्यात्मिक सांत्वना पाने के लिए चारधाम से लेकर हर प्रसिद्ध मंदिरों की यात्रा करते आएं हैं। कुछ लोगों को धार्मिक स्थानों पर खर्च करना, उनका आधुनिकीकरण करना पैसों की बर्बादी लगता है। लेकिन उस कहावत को इंसान नहीं मानता कि मन चंगा तो कथरोट में गंगा गरीब से लेकर उच्च मध्यम वर्ग जब तक धार्मिक स्थानों की यात्रा नहीं कर लेते तब तक जीवन को व्यर्थ समझते है। ईश्वर पर श्रद्धा, यात्रा और उस पर खर्च करना सबकी निज़ी पसंद और फ़ैसला होता है। ये सारी चीजें मनुष्य के भीतर धार्मिक भावना को जगाए रखती है साथ में आत्मसंतुष्टि और संबल प्रदान करती है। मंदिर हमारे सनातन संस्कृति की धरोहर है ईश्वर थे, है और रहेंगे इस बात की पुष्टि का प्रमाण देते है मंदिर। जब किसी स्थान पर देश विदेश से लोगों का आवागमन होने लगता है तो वहां ट्रांसपोर्ट, होटल इंडस्ट्री, फूड इंडस्ट्री का भी तेजी से विकास होने लगता है। जो आर्थिक परिस्थितियो का सुदृढ़ीकरण करता है। साथ ही तीर्थ स्थानों के आसपास रहने वाले बहुत से लोगों के लिए मंदिर रोजगार का ज़रिया भी होता है। स्थानीय लोगों को फूल, प्रसाद, नारियल और मूर्तियां और छवियां बेचने जैसे छोटे-मोटे रोज़गार मिल जाता है। अगर कोई तीर्थ स्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर हो जाए तो वहां पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगती है। जैसे शिरडी साई मंदिर, तिरुपति बालाजी, वैष्णो देवी, और सिद्धिविनायक मंदिर और अब अयोध्या राम मंदिर। इन मंदिरों में चढ़ावे की रोज़ की राशि जानेंगे तो मुँह खुला रह जाएगा। इन प्रसिद्ध मंदिरों में कार्यकर्ताएं दिन-रात पैसों को अलग करने और गिनने में लगे रहते हैं। इन मंदिरों की तिजोरियों में पड़े पैसों को इकठ्ठा कर देश के जरूरतमंदों की सहायता के लिए खर्च किया जाए तो देश से गरीबी संपूर्णतः नाबूद हो जाए इतना धन सड़ रहा है।

साथ ही मंदिरों की संरचना और कला कृतियां पर्यटकों को अवश्य आकर्षित करती है जिसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण स्वामीनारायण संप्रदाय के मंदिर अक्षरधाम है। इन मंदिरों के परिसरों में हूबहू पूतले भगवान की लीलाएं दर्शाती कहानियां कहते हैं। बच्चों को आकर्षित करने गम्मत के साथ ज्ञान देने वाले यंत्र संचालित पूतले रखें गए हैं। मंदिरों के प्रांगण में बागीचे और खान-पान की सुविधा के लिए भंडारे का आयोजन और कैंटीन भक्तों का प्रवास आसान कर देता है जिसकी वजह से श्रद्धालुओं का मजमा उमड़ पड़ता है।

भारत धार्मिक पर्यटन एक बहुआयामी उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है ऐसे में भारत इस क्षेत्र में खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित कर सकता है इसके लिए सबसे जरूरी है कि पर्यटन की क्षेत्र में मौजूदा कमियों को दूर किया जाए। वैसे देखा जाए तो धार्मिक पर्यटन पर ज़ोर देने के लिए सरकार द्वारा कड़े प्रयास किए जा रहे है। इनमें सबसे प्रमुख कार्य बुनियादी ढांचे के निर्माण से जुड़ा हुआ है। सरकार ने तीर्थ स्थानों तक पहुंचने के लिए रोडवेज, सड़क और एयरपोर्ट का निर्माण किया है ताकि वहां पहुंचने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। इन सारी चीज़ों को मद्देनजर रखते कह सकते है कि बेशक मंदिरों का आधुनिकीकरण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# झारखण्ड की मनाली:पतरातू घाटी



**भगवती घोष**
जामताड़ा झारखण्ड

**प्रकृति** की गोद में बसा हुआ झारखण्ड की पतरातू घाटी आज खूबसूरती में हिमाचल के मनाली से कम नहीं हैं. प्रकृति की सुन्दरतम दृश्य को निहारने के लिए सैकड़ो लोग व पड़ोसी राज्य के तमाम घूमने के शौकीन अस्त-व्यस्त शहर से दूर शांतिपूर्ण वातावरण की तलाश में स्थान-स्थान भटकते हैं, विशेषकर सर्दियों के मौसम में जहाँ खूबसूरत पर्यटन स्थल व शांतिपूर्ण माहौल हो। सर्दियों के मौसम में इस बांध के आस-पास की पहाड़ियों के झरने से बहता हुआ पानी इस बांध में भण्डारण किया जाता है, जो बांध के विशाल जलाशय को नये कपड़े से ओढ़ाकर नई नवेली दुल्हन-सी संजोये रखती हैं। सर्दियों की मनमोहक दृश्य व कोहरों की घाटी का आनन्द में चार चाँद लगाने के लिये यहाँ हम छोटे द्वीप घूमने का लुत्फ़ भी उठा सकते हैं। घाटी के समीप हमें प्राचीन माँ पंचवाहिनी मंदिर (पाँच माताओं का मंदिर) का दर्शन हो जाता हैं, जो धार्मिक मूल्य के लिए यहाँ के स्थानियों का महत्वपूर्ण पूज्य स्थल है.। जहां लोग अपनी आस्था से प्रसाद के रूप में फल-फूल, मिठाई व खाद्य सामग्री नहीं, अपितु पत्थर चढ़ाते हैं. धन्य है यहाँ के रीति, यहाँ के रिवाज़, जो अभी के लालसामयी, श्रृंगारीत समाज से दूर अपनी श्रद्धा की आलोक जगाये हुऐ आस्था को प्रज्वलित कर रही हैं। पतरातू घाटी नलकार्नी बांध के नाम से भी जाना जाता है,जो पहाड़ों पर बने हुऐ खूबसूरत स्केनेरी व सर्पिन तरीके के कारण सुंदरतम और मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है, जो बांध को तीनों तरफ से सीमा में बांधे रखती है। राजधानी रांची से महज 40 किमी दूर स्थित, पतरातू लेक रिजॉर्ट राजधानी के पर्यटकों के व्यस्त जीवन से राहत दिलाती है। चारों ओर हरियाली पेड़-पौधे, पहाड़-पर्वत, नदी-नाले, मनोरम झरने के साथ, पतरातू लेक रिजॉर्ट दुखती आँखों के लिए भी एक गुणकारी औषधीय हैं, जो मानसिक तनाव सहित कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। साथ ही पतरातू बांध, बिजली संयंत्र के लिए भी अत्यंत लोकप्रिय है। राँची शहर से एक घण्टे की छोटी ड्राइव आपको भीड़भाड़ शहर से दूर एक बहुत ही लोकप्रिय शान्त हिस्से में ले जायेगी। पर्यटकों को आकर्षक



पतरातू सेल्फी स्टैंड के अलावा इस ड्राइव में कई तरह के संजोये गये एस-कर्व, हेयरपिन मोड़, जिग-जैग रोड और सुंदरतम दृश्य मोहित करेगी और आपके मन को उत्साह से भर देगी. यह ड्राइव निश्चित रूप से आपको मनाली या वालपराई के हेयरपिन मोड़ों की याद दिलाएगी। यहां की मनोरम शांत प्रकृति को जीने के बाद यकीनन हिमाचल का मनाली की याद आपको सतायेगी। राज्य सरकार के निरंतर प्रयास से आज झारखण्ड की प्रकृति भी पर्यटन की दृष्टि से काफी समृद्धि हो पायी हैं, यहाँ के प्राकृतिक दृश्य से मोहित होकर हम कह सकते हैं कि झारखण्ड का शृंगार प्रकृति ने खुद किया है। यहाँ आप ठंड के मौसम ही नहीं,बल्कि गर्मी के दिन बहती हुई मधुर हवाओं का भी अच्छा अनुभव ले सकते हैं। रामगढ़ जिले में स्थित पतरातू लेक रिजॉर्ट पर्यटकों के लिए बेहद आकर्षक है। पतरातू डैम की औसत ऊंचाई 405 मीटर और क्षेत्रफल 2727 एकड़ में फैला हुआ है। इसकी क्षमता 1332 रेडियस लेबल है। पतरातू बांध का निर्माण 1960 के दशक में महानतम भारतीय इंजीनियर और भारतीय इंजीनियरिंग के जनक सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की योजना के तहत किया गया हैं। यह बांध एक बहुउद्देशीय बांध है, जो बिजली उत्पादन, कृषि के सिंचाई और पेयजल आपूर्ति के उपयोग में लाया जाता है। रामगढ़ के पश्चिम में 30 किमी इस बांध का निर्माण पतरुत थर्मल पावर स्टेशन को पानी की आपूर्ति के उद्देश्य से किया गया था। यह एक सुंदर पर्यटन स्थल है और पूरे वर्ष के दौरान लोगों का एक बड़ा जमावड़ा पिकनिक के लिए, यहां के अन्यनतम प्रकृति से बातें करने पहुँच जाते है। स्थानीय लोगों के लिए, पतरातू घाटी एक शांत और त्वरित सप्ताहांत पलायन है। घाटी में होटल और रिसॉर्ट इसे एक सुविधाजनक छुट्टी गंतव्य स्थान बनाते हैं। यदि आपको रुकने और सांस लेने की आवश्यकता महसूस होती है, तो यहाँ थोड़ी देर आराम करने के लिए कई दर्शनीय स्थान हैं। आप यहाँ के भव्य दृश्य का आनंद उठा सकते हैं। जब आप घाटी में पहुँच जाते हैं, तो अपने अंदर के जुझारू व्यक्ति को प्राचीन जंगलों, घने बादल की चादरों, लंबी पैदल यात्रा के रास्तों, नदियों और झील के किनारे के स्थानों का पता लगाने दें। छिपी हुई कला, प्रकृति की कोख में जाकर स्वयं को पहचाने. मन में फूट रहे तनावो को भूलकर स्वयं की अंदरूनी ताकत को पहचाने, स्वयं को समझें और बहुत देर तक स्वयं से बातें करें। प्रकृति की यह प्राचीन घाटी आपको शान्त वातावरण प्रदान करती हैं। पतरातू लेक रिजॉर्ट के द्वार पर एक सफ़ेद घोड़े की विशाल स्टेचू आपके स्वागत में अपनी लम्बी छलांग बढ़ाये हुऐ दिख जायेंगे। एक अच्छी पिकनिक के लिए नयी जगह बिलकुल सही है.। पतरातू घाटी उन लोगों के लिए बिलकुल उपयुक्त है, जो अपने लिए कुछ शांत समय बिताना पसंद करते हैं। अगर आप घूमना-फिरना पसंद करते हैं, समुद्र-सा मजा लेना चाहते हैं, तो ज़िन्दगी के कुछ पल इस घाटी पर अवश्य बिताये। आप आराम से यहां की हरी घास में बैठकर पुरानी यादें को ताज़गी प्रदान करें, खुले आसमान को जिये. सर्दियों के मौसम की घने कोहरे की बादल का लुत्फ़ उठाऐ. चारों ओर की हरियाली को महसूस करें और प्रकृति को अपनी कुछ कीमती वक्त दें, प्रकृति से कुछ पल गुप्तगु करें। साथ ही आप यहाँ की घाटी पर बोटिंग का भी भरपूर आनन्द उठा सकते हैं. प्राकृतिक नजारों से लबालब ये जगह आपको और भी ज्यादा हसीन लगेगी, बोटिंग जोकि मात्र 200 रुपए से शुरू होती है। यहां पिकनिक मनाने और छात्रों का एक विशेष समूह अपनी सेमिनार के कुछ बिंदुओं को इस घाटी में ठहरकर अपनी प्रश्नों का उत्तर तलाशने काफी अधिक संख्या में आते रहते हैं। अतः झारखण्ड की यह सुन्दर घाटी, जोकि प्रकृति की गोद में पला हैं, पतरातू लेक रिजॉर्ट एक समय तक यान-वाहन व सरकार के अपंग सोच के कारण लोगों से काफ़ी दूर-दूर रहा, आज उसे एक नयी पहचान मिली हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## आई है आई शुभ घडी आई

आई है आई शुभ घडी आई
अयोध्या में खुशियाँ है छाई।
गाओ जी गाओ गीत बधाई
आयेंगे राम और सीता माई।
घंटी बजी और शंख बजा है
मंगल ध्वनी,अब है सुनाई।
आरती, वन्दन अभिनन्दन है
सब भक्त जन स्तुति है गाई।
हमारे राम का है राजतिलक
सारे नगर मे बाजे हैं बधाई।
कलश-कंगूरा दमकने लगी है
द्वार तोरण से नगर है सजाई।
चौक-चौराहे, सवंरने, लगी है
सतरंगी रंगोलियाँ है मन भाई।
अतर,गुलाल महकने लगी है
धुप-बत्ती दिसा-दिसा महकाई।
राममय हुई है सब जड़-चेतन
राम की धुन कण-कण में आई।



**अशोक पटेल आशु**
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## महादेव मेरे ....

महादेव मेरे मन-मंदिर में,
जगमग ज्योति जलाएं,
आशाओं की इस देहरी पर,
तनिक चरण धर जाएं।
महादेव मेरे मन ....
जीवन सफर सफल हो जाए,
बस,ऐसी जुगत बताएं,
मेरे तन की सारी श्वांसें,
बस,भोले में रम जाएं ।
महादेव मेरे मन ...
पवन बहे थोड़ी मंद-मंद-सी,
बाती जले कहीं हवन कुंड की,
शशि की हिम-सी फैले रोशनी,
धरा सुगंधित हो जाए।
महादेव मेरे मन...
भोले मेरे मन-मंदिर में बस,
भोले राग ही बसा रहे,
कब,कैसी रुत आती-जाती,
बस भक्ति में पता रहे।
महादेव मेरे मन ....
कहीं हिमालय ताक रहा है,
चरण धरा छूने को ,
व्याकुल होता है मन मेरा,
दरश भोले पाने को ।
महादेव मेरे मन ....
भोले-भोले कह जग ये पुकारे,
आ भी जाओ भोले प्यारे,
पलकों की तेरी मिले छांव तो,
हम-भी हो जाएं वारे-न्यारे।
महादेव मेरे मन ....




**कार्तिकेय त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,
इन्दौर,
मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## एक पन्ना इतिहास का

वर्तमान खुश होकर हँस रहा
जुड़ रहा एक पन्ना खास
इतिहास के किताब में देखो
जुड़ गया एक पन्ना खास।।
शुभ दिन है शुभ घड़ी है
रघुवर पुलकित हो रहे
नीच और अधमी के मुह पर
कालिख ही तो पुत रहे।।
जीत हुआ सत्य का फिर से
असत्य एकबार फिर से औंधा पड़ा
राग विलाप का गाकर अब वो अपने
आप को कोश रहा।।
उस पिशाच के पिशाचत्व का
भारत भर ने झेला दंश
अताताई के महिमा मंडन में
अब भी लगे कुछ सूअर वंश।।
उस सूअर का नर्क यहां है मिट्टी
कीचड़ और विस्टा भी साथ
उसको उस नर्क की क्यों हो चिंता जो
झेल रहा पृथ्वी पर आज।।
क्यों करें अपनी मुँह को गंदा उसको
भोगना उसके कर्मो का हिसाब
समय समय पर प्रभु जी उसको देते
रहना उसका हिसाब।।
अब स्वागत की करें तैयारी प्रभु जी
विराज रहे पुनः अपने धाम
अवधपुरी की शोभा मे
लगने वाली है चार चाँद।।
युगपुरुष जिसने भी
अर्पण किये अपने योगदान
भारत का हर बच्चा बच्चा
मान रहा उनका एहसान।।
वीरों की यह पुण्य भूमि है समय
समय पर आते भगवान
अताताई और अधर्मी के कर्मो का
हिसाब चुकाते खुद भगवान।।
धर्म ध्वज के रक्षक हे दशरथ सुत
अब धर्म पताका आपके साथ
मानव में मानवता भरकर सत्य राह
दिखाना अब आपके हाथ।।।



**कमलेश झा**
भागलपुर,
बिहार

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से जिले में 400 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

## मुख्यमंत्री साय एवं जनप्रतिनिधियों ने दिया वर वधू को आशीर्वाद

### नवदंपतियों को घरेलू सामग्री के साथ मिले अनेक उपहार

- संवाददाता -
बलरामपुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिले के बलरामपुर विकासखंड अंतर्गत तातापानी महोत्सव परिसर में 400 नव युगल मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा नवदम्पतियों को जीवन में नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते,जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम सहित अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत 400 जोड़े ने रीति रिवाज से विवाह किए। इसमें 19 जोड़े का विवाह ईसाई रीति से कराया गया। 01 मुस्लिम रीति एवं शेष जोड़ियों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से सम्पन्न किया गया। इन जोड़ियों में 07 जोड़ियो विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) के साथ 03 दिव्यांग जोड़ी भी शामिल है जिनकी हिंदू रीति रिवाज से विवाह कराया गया। इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा नव विवाहित जोड़ों को घरेलू सामग्री, प्रति जोड़ा 21-21 हजार का डेमो चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा समुदाय के जोड़े रंजीता और दिनेश्वर, शांति और लाबूड़, लक्ष्मी और बसंत, रजनी और सोहन, सुभंति और छोटन राम से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया। शंकरगढ़ के दिव्यांग जोड़े रुक्मणि और प्रकाश को मुख्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 21 हजार के डेमो चेक के साथ दिव्यांग होने के नाते समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त 50 हजार का चेक भी प्रदान किया गया। वर-वधु को विभाग द्वारा सामग्री में बर्तन, अलमारी, पेटी, रैक,गद्दा, घरेलू सामग्री, अन्य सामग्रियां विशेष उपहार के रूप में भेंट की गई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह में प्रत्येक कन्या को 15 हजार रूपये तक की उपहार सामग्री दी गई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवार की कन्याओं के लिए विशेष प्रयास है। यह योजना का उद्देश्य आर्थिक स्थिति से कमजोर वर्गों के सहयोग के लिए योजना कि शुरुआत की गई है, जहां शासन प्रशासन के प्रयासों से इनका विवाह हो रहा है। इस योजना से लोग जागरूक होकर योजना का लाभ से लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा,उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम,महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते,सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा,जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, वरिष्ठ जन प्रतिनिधि गण,कमिश्नर संभाग आयुक्त जी आर चुरेंद्र, आई जी अंकित गर्ग, सी सी एफ नवीद सुजाउद्दीन अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एस पी डा. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर जिले में तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। श्री साय आज संक्रांति परब तातापानी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर तातापानी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने तपेश्वर महादेव पर जल का अर्घ्य देकर तपेश्वर महादेव के विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

#### पतंगबाजी का लिया आनन्द

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान स्वामी आत्मानन्द एवं जवाहर नवोदय स्कूल के बच्चों के साथ चकरी एवं मांझा थाम कर पतंगबाजी का आनन्द लिया।

#### मुख्यमंत्री ने चारपाई में बैठकर तिलकुट और लड्डू का उठाया लुत्फ

मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में चारपाई पर बैठकर तिलकुट और तिल के लड्डू का लुत्फ उठाया। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान, दान के साथ तिलकुट व तिल के लड्डू को खाया जाता है।

# मकर संक्रांति पर महिला कांग्रेस ने किया भंडारे का आयोजन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। मकर संक्रांति के अवसर पर महिला कांग्रेस द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। कम्पनी बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद दिन भर चले भंडारे में सैकड़ों लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में जरूरतमन्दों को गर्म कपड़े का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, चित्रा मिश्रा, पार्षद गीता प्रजापति, गीता श्रीवास्तव, गीता रजक, नुजहत फातिमा, पूर्णिमा सिंह, रूही गजाला, शकीला परवीन, सपना सिन्हा, ममता सिंह, प्रीति सिंह, रंजू सिन्हा, सरला राय, रश्मि, स्मिता मिश्रा, रुपा ताम्रकार, अंजू, अनिता सिंह, किरन रानी, शमा परवीन, अनुराधा दास, उर्मिला, मंजू मुखर्जी सहित अन्य महिलाएं सक्रिय रहीं।

# पतंगबाजी प्रतियोगिता में लोगों में दिखा विशेष उत्साह

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

मकर संकांति के अवसर पर विलुप्त होती परंपरा पतंगबाजी में बच्चों और युवाओं का गजब का उत्साह देखा गया। रविवार को सरगुजा सेवा समिति द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन शहर के गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस आयोजन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



पतंग उत्सव को लेकर सुबह से ही गांधी स्टेडियम में पतंग लेकर लोग पहुंचने लगे थे। सुबह 11 बजे से आयोजन प्रारंभ किया गया। पतंग काटो प्रतियोगिता और फैंसी पतंग प्रतियोगिता में लोगों का उत्साह बढ़ चढ़कर दिखा। पूरे प्रतियोगिता के दौरान लोगों की आंखें आसमान पर टिकी रहे। रंग बिरंगी और कई आकार की पतंग लेकर लोग इस प्रतियोगिता में पहुंचे थे। पूरे दिन एक दूसरे की पतंग काटने का सिलसिला पतंगबाजों के बीच देखा गया। इस पतंग उत्सव में इंडोनेशिया व दुबाई की उडने वाली पतंग आकर्षण का केंद्र रही। शहर के मुकेश अग्रवाल फैंसी पतंग प्रतियोगिता में इंडोनेशिया में बनी बाज रूपी पतंग सहित कई फैंसी पतंग लेकर पहुचे, जहां लोग इंडोनेशिया की इस फैंसी पतंग को देखकर अपने आप को नहीं रोक सके और फैंसी पतंगों के साथ सेल्फी खिंचवाने लगे, दरअसल शहर के निवासी मुकेश अग्रवाल इंडोनेशिया गए हुए थे जहां से 40 से अधिक पतंग लेकर अम्बिकापुर पहुचे और पतंग उत्सव में अपनी फैंसी पतंग का प्रदर्शन किया ,इंडोनेशिया की पतंग को सरगुजा के जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में खाशा पसंद किया गया। आयोजन के दौरान सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष रजनी रविशंकर त्रिपाठी, समिति के संजय अग्रवाल, अखिलेश सोनी, आलोक दुबे, आकाश गुप्ता, राजेश कश्यप, प्रयाग साहू, किशोर शर्मा, शुभम अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# मोबाइल दुकान से इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा में 11 जनवारी की रात को मोबाइल दुकान का अल्बेस्टर शीट उखाडक़र अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

विकास विश्वकर्मा फुन्दुरडिहारी शांतिपारा का रहने वाला है। इसका बनारस रोड स्थित चठिरमा चौक के पास मोबाइल दुकान है। 11 जनवारी की रात को विकास दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान खोलने गया तो दुकान का अल्बेस्टर शीट उखड़ा हुआ था। चोरी की आशंका पर सामान का मिलान किया तो पता चला की मोबाइल एसेसरीज स्पीकर, नेकबेंड, इयरफोन, चार्जर सहित अन्य बनने आए हुए मोबाइल कुल किमती लगभग 15 हजार रुपए की चोरी कर ली गई थी। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में सेदेही विनोद अगरिया पिता इतबल राम उम्र 39 वर्ष निवासी भोटकेला पारा थाना जयनगर हाल मुकाम डिगमा थाना गांधीनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने साथी अजय अगरिया पिता छत्रपाल अगरिया उम्र 21 वर्ष निवासी अगरियापारा बढनी झरिया थाना गांधीनगर के साथ मिलकर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय,सहायक उप निरीक्षक अनिल सिंह,सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह,प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय, आरक्षक सतीश कुमार, अजय मिश्रा, उमाशंकर साहू, देवेंद्र पाठक,पवन यादव, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह शामिल रहे।



### तेज रफ्तार ट्रक को बचाने के चक्कर में टैंकर डिवाइडर से टकराया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के बिलासपुर चौक में रविवार की सुबह तेज रफ्तार 407 वाहन को बचाने के चक्कर में टैंकर अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से जा टकराया। इधर 407 वाहन ने टैंकर को ठोकर मारते हुए सडक़ किनारे चाय ठेले में खड़े एक युवक को भी चपेट में ले लिया। जिससे युवक घायल हो गया। घटना का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। रेत, ईंट परिवहन में लगी वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है। जिससे आए दिन हादसे होते हैं।



### भौतिक सत्यापन में 9522 क्विंटल धान पाया गया कम,राइस मिल संचालक पर कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अवैध धान भण्डारण और परिवहन के मामले में जिला प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की है। खाद्य विभाग द्वारा विकासखंड लुंड्रा के ग्राम पंचायत चोरकीडीह के सुमित गोयल द्वारा संचालित बनभौरी राइस इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया। जिला खाद्य अधिकारी रविंद सोनी ने बताया कि राइस मिल द्वारा 17020 क्विंटल धान उठाव किया गया है। जबकि धान उठाव के बाद मिलर्स द्वारा मात्र 867 क्विंटल ही चावल जमा किया गया है। शेष धान के भौतिक सत्यापन में 9522 क्विंटल धान कम पाया गया जिसके कारण जांच दल द्वारा कार्रवाई करते हुए मिलर्स से कुल 1.59 करोड़ रुपए मूल्य का 3385 क्विंटल चावल और 1152 क्विंटल धान की जब्ती की गई। उन्होंने बताया कि मिलर्स पर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला विपणन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी रोशन गुप्ता एवं नोडल अधिकारी स्टेट वेयरहाउसिंग संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

# गांजा के साथा आरोपी गिरफ्तार, बेचने के लिए कर रहा था ग्राहक की तलाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



बनारस रोड स्थित चठिरमा के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

गांधीनगर पुलिस को 13 जनवारी को मुखबिर से जानकारी मिली की चठिरमा बनारस रोड में एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास 1 किलो 700 ग्राम गांजा पाया गया। जिसकी कीमत 34 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा व नकदी 12 हजार 6 सौ रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी रिपन बाला पिता स्व. महानंद बाला उम्र 48 वर्ष निवासी चठिरमा बनारस रोड को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक अनिल सिंह, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय,आरक्षक सतीश कुमार,अजय मिश्रा,उमाशंकर साहू,देवेंद्र पाठक,पवन यादव,अरविन्द उपाध्याय,ऋषभ सिंह शामिल रहे।

# आजीवन कारावास की सजा काट रहे बुदी युवक की मौत,परिजन ने बताया सिर व शरीर में है चोट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

केन्द्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शनिवार की शाम को अचानक जेल में तबियत बिगड़ ने पर जेल प्रशासन द्वारा इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के परिजन ने लाश देखने पर जेल के अंदर मारपीट करने का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है कि मृतक के शरीर व सिर पर चोट के निशान है। उसे पूर्व से कोई बीमारी नहीं था। अचानक उसकी मौत कैसे हो सकती है।



सज्जन पोर्ते पिता परमा राम उम्र 32 वर्ष ग्राम सालही उदयपुर का रहने वाला था। वर्ष 2019 में 376 पॉस्को एक्ट व हत्या के मामले में केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में बंद था। 26 फरवारी 2022 को उसे न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। तब से वह केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में सजा काट रहा था। केन्द्रीय जेल प्रशासन का कहना है कि शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे सज्जन की अचानक तबियत बिगड़ गई। जेल के स्टाफ की मदद से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बंदी की मौत के बाद जेल प्रशासन द्वारा मामले की जानकारी उसके परिजन को दी गई। सूचना पर परिजन रविवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। यहां उसके शव देखने के बाद परिजन ने गंभीर आरोप लगाया है। मृतक बंदी सज्जन के भाई गजेन्द्र सिंह पोर्ते ने आरोप लगाया है कि मृतक के शरीर व सिर पर चोट के निशान हैं। उसके साथ मारपीट की गई है। पूर्व में उसे कोई बीमारी नहीं थी। अचानक तबियत बिगड़ जाना और उसकी मौत हो जाना यह पूरी तरह संदिग्ध है।

# छल-कपट से अपना प्रचार अभियान चला रहे विवेक, डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार रामास्वामी पर हमला बोला

**वॉशिंगटन,14 जनवरी 2024।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहली बार विवेक रामास्वामी पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय-अमेरिकी उद्यमी छल-कपट से अपना प्रचार अभियान चला रहे हैं। रामास्वामी रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में ट्रंप के सबसे करीबी प्रतिद्वंदी हैं। ट्रंप की ओर से यह टिप्पणी आयोवा कॉकस से पहले आई है। आयोवा कॉकस उस लंबी प्रक्रिया की शुरुआत मानी जाती है। जिसके तहत रिपब्लिकन और डेमोक्रेट राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करते हैं।



### टी-शर्ट पर सेव ट्रंप-वोट विवेक का नारा

दरअसल, रामास्वामी के प्रचार अभियान की ओर से ट्रंप के खिलाफ सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट और टिप्पणियां की गई। जिससे डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम नाराज हो गई। उसके बाद पूर्व राष्ट्रपति की ओर से भी पलटवार किया गया। रामास्वामी ने शनिवार को आयोवा के रॉक रैपिड्स में एक कार्यक्रम में सिरकत की। इसके बाद उन्होंने युवाओं के एक समूह के साथ की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। लेकिन, इस तस्वीर ने ट्रंप का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इन युवाओं की टी-शर्ट पर सेव ट्रंप- वोट विवेक लिखा गया था।

### छल-कपट की चालें चल रहे विवेकः ट्रंप

इसके बाद ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि विवेक ने अपने अभियान की शुरुआत उन्हें कई पीढ़ियों का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रपति बताकर की थी। लेकिन, अब वह छल-कपट की चालें चल रहे हैं और अपना समर्थन छिपा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह बहुत बड़ी चालाकी है। विवेक के लिए वोट देने का मतलब दूसरे पक्ष के लिए वोट करना है। इससे ठगे मत जाना। ट्रंप के लिए वोट करना। अपना वोट बर्बाद मत करना। उन्होंने कहा कि विवेक मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) वाले नहीं हैं। एमएजीए एक राजनीतिक नारा है। इसे ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव दौरान लोकप्रिय बनाया था। इसका इस्तेमाल ट्रंप के राजनीतिक आधार को बताने के लिए किया जाता है। यह पहली बार है जब ट्रंप और उनकी टीम ने रामास्वामी पर सार्वजनिक रूप से सीधा हमला किया है।

### रामास्वामी ने फिर की ट्रंप की तारीफ

हालांकि, ट्रंप के पोस्ट के बाद रामास्वामी ने एक बार फिर उनकी तारीफ की है। रामास्वामी ने कहा कि वह ट्रंप का सम्मान करते हैं और वह 21 वीं सदी के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रपति थे।

# आम चुनावों को तय समय से देरी से कराने की मांग वाला प्रस्ताव संसद में पेश,ठंड-सुरक्षा का दिया हवाला



**इस्लामाबाद, 14 जनवरी 2024।** पाकिस्तान की संसद के उच्च सदन में आम चुनाव में देरी की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया गया है। इससे दो दिन पहले भी सीनेट में इसी तरह का प्रस्ताव लाया गया था। चुनाव आयोग के मुताबिक, देश में आठ फरवरी को संसदीय चुनाव होने हैं।

एक प्रमुख पाकिस्तानी समाचार चैनल की खबर के मुताबिक, सीनेट में पेश किया जाने वाला यह अपनी तरह का तीसरा प्रस्ताव है। इसमें ठंड के मौसम और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए चुनाव को स्थगित करने की बात कही गई है।

प्रस्ताव निर्दलीय सीनेटर हिलाल-उर-रहमान की ओर से पेश किया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि अत्यधिक ठंड और बर्फबारी से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोगों के लिए वोट डालने में मुश्किलें पैदा होंगी। इसके साथ ही चुनाव प्रचार कर रहे उम्मीदवारों के लिए मुश्किलें पैदा होंगी। इसमें आगे कहा गया, इसी तरह उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान आतंकवादी हमलों के खतरों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा में।

एक पाकिस्तानी अखबार की खबर के मुताबिक, प्रस्ताव में कहा गया है कि सुरक्षा का मुद्दा भी मुश्किलें पैदा कर रहा है। यह उम्मीदवारों को उनके प्रचार अभियानों में भागीदारी को कम कर रहा है। खबर के मुताबिक, प्रस्ताव में कहा गया है कि लोगों में चुनाव प्रक्रिया से बाहर रहने के डर के कारण आम चुनाव के घोषित तारीख उपयुक्त नहीं है।

इसमें चुनाव आयोग (ईसीपी) से सभी हितधारकों के लिए एक स्वीकार्य तारीख तक चुनाव टालने का अनुरोध किया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है, इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में भी मदद मिलेगी। इससे दो दिन पहले निर्दलीय उम्मीदवार हिदायत उल्लाह ने भी इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें आम चुनाव में तीन महीने की देरी करने की मांग की गई थी। उल्लाह ने आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा चिंताओं का भी हवाला दिया था।

# यूक्रेन में शांति बहाली को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक, 81 देशों को भारत से उम्मीद



**दावोस,14 जनवरी 2024।** दोवास में 15 से 19 जनवरी को होने वाले विश्व आर्थिक मंच की बैठक से से एक दिन पहले रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने बैठक की। इस दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा की गई। बैठक भारत समेत कई देशों ने युद्ध प्रभावित देशों में शांति को लेकर जोर दिया। यूक्रेन के साथ बैठक की सह मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि ने कहा कि स्विट्जरलैंड रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति की वकालत करता है। साथ ही कहा कि हमार यूक्रेन को समर्थन जारी रहेगा। इस दौरान बैठक में यूक्रेन और रूस युद्ध पर भारत के रुख की सराहना की गई है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने को लेकर भारत से उम्मीदें

बैठक में मेजबान देश स्विट्जरलैंड ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत अहम भूमिका निभा सकता है। बैठक के दौरान भारत ने कहा कि बातचीत के जरिए हल निकाला जा सकता है। युद्ध कभी भी किसी चीज का सामाधान नहीं हो सकता है, इस दौरान अन्य प्रतिनिधियों ने भारत की स्थिति पर सहमति जताई है। स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस ने कहा कि शांति के मेज पर रूस को लाने के लिए कई देशों की मध्यस्थता की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि भारत समेत ब्रिक्स देशों की भागीदारी बहुत खास है, ये वे देश हैं जिनके रूस के साथ संबंध जारी हैं। इस दौरान स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री ने भारत की रुख की सराहना करते हुए कहा कि इससे मुद्दे के समाधान की उम्मीद हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) विक्रम मिस्री ने किया है।

### यूक्रेन में शांति की बहाली पर सभी देशों का जोर

गौरतलब है कि 2022 में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रस्तावित शांति फॉर्मूले पर यह एनएसए की चौथी बैठक थी, जो यूक्रेन में शांति के उद्देश्य से दस सिद्धांतों पर जोर देती हैं। इससे पहले कोपेनहेगन, माल्टा में बैठकें हो चुकी हैं। भारत ने यूक्रेन में शांति की बहाली की वकालत की हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने उन्हें हरसंभव मदद की बात कही थी। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन से वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं हैं।

# मालदीव सरकार ने 15 मार्च तक भारत से अपने सैनिकों को हटाने को कहा,तनाव बढ़ने की आशंका

**माले (मालदीव),14 जनवरी 2024।** चीन से लौटने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू सख्त तेवर दिखा रहे हैं। एक दिन पहले बिना नाम लिए टिप्पणी करने वाले मुइज्जू ने भारत से कहा है कि वह 15 मार्च तक मालदीव में तैनात अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाए। लगभग दो महीने पहले राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने मालदीव में तैनात दूसरे देश के सैनिकों को हटाने का एलान किया था। उन्होंने अपने चुनावी अभियान में जैसा नारा भी दिया। एक दिन पहले उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा था कि किसी देश के पास मालदीव को धमकाने का अधिकार नहीं है।



### मालदीव में अभी 88 भारतीय सैनिक, अब दो महीने के भीतर वापस बुलाना होगा

मालदीव की सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा, राष्ट्रपति मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा है। सन ऑनलाइन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार मुइज्जू के कार्यालय में सचिव अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने कहा,भारतीय सैन्यकर्मी मालदीव में नहीं रह सकते। यही राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू और इस सरकार / प्रशासन की नीति है। नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मालदीव में 88 भारतीय सैन्यकर्मी हैं।

### भारतीय उच्चायुक्त की मौजूदगी में पहली बैठक

समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक मालदीव और भारत ने सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया है। रविवार सुबह माले में विदेश मंत्रालय मुख्यालय में इसकी पहली बैठक हुई। बैठक में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर भी शामिल थे। राष्ट्रपति मुइज्जू के कार्यालय में सचिव अब्दुल्ला नाजिम इब्राहिम ने भी इस बैठक की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि बैठक का एजेंडा 15 मार्च तक सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध था। भारत सरकार ने इस मीडिया रिपोर्ट की पुष्टि या पूरे घटनाक्रम पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

### शपथ लेते ही बोले-मालदीव की जनता ने दिया मजबूत जनादेश

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध पिछले साल 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति का पद संभालने के तुरंत बाद किया था। मुइज्जू के मुताबिक सैनिकों को वापस भेजने के संबंध में मालदीव की जनता ने उन्हें मजबूत जनादेश दिया है। मुइज्जू ने कहा है कि वह मालदीव के घरेलू मामलों पर किसी भी बाहरी देश का प्रभाव नहीं पड़ने देंगे। उन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल में हस्ताक्षरित 100 से अधिक द्विपक्षीय समझौतों की समीक्षा करने की बात भी कही है।

### सामान्य नहीं हैं दोनों देशों के रिश्ते

बता दें कि मुइज्जू की चीन से करीबी और भारत से तल्खी का रूख अपनाने के कारण दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। हाल ही में उनकी सरकार में शामिल तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया पर आक्रोश दिखा था। पर्यटन पर आधारित अर्थव्यवस्था वाले देश मालदीव का बहिष्कार करने के लिए भारतीय नेटिजन्स एकजुट होते दिखे। कई लोगों ने टिप्पणी में कहा कि मालदीव जाने से बेहतर भारत में लक्षद्वीप जाना है। पूरा मामला प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप प्रवास और उसकी तस्वीर-वीडियो सामने आने के बाद शुरू हुआ था।

# श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार,नौकाओं को भी जब्त किया

**कोलंबो,14 जनवरी 2024।** श्रीलंका की नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उन पर द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप है। मछुआरों की नौकाएं जब्त कर ली गई हैं। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई है।

नौसेना ने एक बयान में कहा गया कि मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर तट से शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उनकी तीन नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया है। इसमें आगे कहा गया है कि उन्हें कार्रवाई के लिए कांकेसंथुरई बंदरगाह ले जाया गया है।

भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों के मुद्दे पर लंबे समय से विवाद है। पिछले साल श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने भारतीय मछुआरों पर अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप लगाया था और पाक जलडमरूमध्य में उन पर गोलीबारी कर दी थी। उनकी नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया था। पाक जलडमरूमध्य तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली एक संकरी पट्टी है। यह दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का समृद्ध क्षेत्र है।



श्रीलंका के अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने की घटना समय-समय पर होती रही हैं। बीते साल 2023 में द्वीप राष्ट्र की नौसेना ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश के लिए 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 35 नौकाओं को जब्त किया गया।

### विवादास्पद अभियान का नया चरण शुरू करेगी श्रीलंकाई पुलिस

श्रीलंका की पुलिस ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि वह नशीली दवाओं के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगी और इसके लिए जल्द नया चरण शुरू करेगी। पुलिस ने कहा कि उनके निशाने पर 42 हजार 248 संदिग्ध हैं। इससे एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने पुलिस के अभियान पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि वह इस बात से बहुत चिंतित हैं कि द्वीप राष्ट्र के पुलिस अधिकारी उन सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों पर फोकस करने के बजाए मादक पदार्थों की समस्या में जुटे हैं, जो मानव अधिकारों पर आधारित हैं।

पुलिस के बयान में कहा गया,सभी पुलिस स्टेशन अगले एक महीने तक 42,248 संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए चौबीस घंटे काम करेंगे और उन्हें न्याय के दायरे में लाएंगे।वहीं, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क द्वारा एक बयान जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि 17 दिसंबर से मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में 29 हजार लोगों को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है।

# उत्तर कोरिया ने फिर लॉन्च की बैलिस्टिक मिसाइल, जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने जारी किया अलर्ट



**प्योंग्यांग,14 जनवरी 2024।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उधर दक्षिण कोरिया ने इस लॉन्च की पुष्टि करते हुए कहा कि मिसाइल को रविवार सुबह लॉन्च किया गया है। हालांकि, इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

जापान के रक्षा मंत्री ने कहा कि उसने भी उत्तर कोरिया की तरफ से मिसाइल लॉन्च का पता लगाया है। गौरतलब है कि यह उत्तर कोरिया की तरफ से इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासॉन्ग-18 की टेस्टिंग के बाद से पहला मिसाइल लॉन्च है। ह्वासॉन्ग-18 को 18 दिसंबर को टेस्ट किया गया था। बताया जाता है कि तानाशाह किम जोंग-उन के नेतृत्व में इस आधुनिक मिसाइल को अमेरिका को निशाना बनाने के लिए तैयार किया गया है।

गौरतलब है कि उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच बीते दिनों तनाव काफी बढ़ गया था। इसी साल जनवरी में उत्तर कोरिया की ओर से 200 से ज्यादा तोप के गोले दागे गए थे। गोले उत्तरी सीमा रेखा (एनएलएल) के उत्तर में गिरे, जो दोनों कोरियाई देशों के बीच वास्तविक समुद्री सीमा है। हालांकि, किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई थी।



# सरगुजा संभाग स्तरीय भाजपा विस्तारकों की एक दिवसीय बैठक संपन्न

\- संवाददाता -
**अंबिकापुर, 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

विस्तारक योजना के क्षेत्रीय प्रभारी एवं एमएलसी बीजेपी उत्तर प्रदेश विजय बहादुर पाठक के मुख्य आतिथ्य में भाजपा सरगुजा संभाग स्तरीय विस्तारकों की बैठक शनिवार को मैनपाट में संपन्न हुई। शैला रिसोर्ट के बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अतिथियों द्वारा उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में बूथ सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात एवं आगामी कार्यक्रमों के प्रभावशाली ढंग से संचालन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा विस्तारक योजना के छग प्रभारी अनुराग सिंह देव, संभाग प्रभारी रामलखन सिंह पैकरा, समन्वयक समीर श्रीवास्तव, लोक सभा विस्तारक प्रभारी जमुना पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरगुजा पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर की गई कार्यवाही,अवैध महुआ शराब एवं अंग्रेजी शराब बिक्री करने के मामले मे 17 प्रकरण किये गए दर्ज

- पुलिस टीम द्वारा अंग्रेजी शराब बिक्री के 03 प्रकरण एवं अवैध महुआ शराब के 14 प्रकरण दर्ज कर की गई सख्त कार्यवाही
- सभी मामलो मे कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर की जा रही अग्रिम वैधानिक कार्यवाही
- आरोपियों से 12 लीटर 780 मिलीग्राम अंग्रेजी शराब एवं 73 लीटर महुआ शराब कुल 85 लीटर 780 मिलीग्राम अवैध शराब किया गया जप्त

\- संवाददाता -
**अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

जिले मे अवैध मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त पर प्रभावी नियंत्रण करने एवं नशे के अवैध कार्यों में लिप्त संदेहियो पर सखूती से कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन मे सभी थाना / चौकी प्रभारियों को अपने अपने थाना छेत्रो मे लगातार अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं, इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.), अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नशे के अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों पर सतत कार्यवाही की जा रही हैं।

सरगुजा पुलिस

इसी क्रम मे पिछले तीन दिनों के भीतर जिले के सभी थाना/चौकियो मे पुलिस टीम द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान नवाबिहान चलाकर मुखबीर सुचना पर आबकारी एक्ट के तहत अंग्रेजी शराब और अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने वाले आरोपियों के विरुद्ध सखूती के साथ कार्यवाही की गई, अभियान अंतर्गत थाना कोतवाली द्वारा 04 प्रकरण दर्ज कर 18 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया हैं, थाना मणिपुर द्वारा 02 प्रकरण दर्ज कर 12.5 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया हैं , थाना उदयपुर द्वारा 05 प्रकरण दर्ज कर 31 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1 लीटर 440 मिलीग्राम अवैध अंग्रेजी शराब जप्त किया गया हैं , थाना बतौली द्वारा 02 प्रकरण दर्ज कर 3.5 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया हैं,थाना लुंड्रा द्वारा 02 प्रकरण दर्ज कर 02 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1 लीटर 440 मिलीग्राम अवैध अंग्रेजी शराब जप्त किया गया हैं, थाना धौरपुर द्वारा 01 प्रकरण दर्ज कर 9 लीटर 900 मिलीग्राम अवैध अंग्रेजी शराब जप्त किया गया हैं, थाना लखनपुर द्वारा 01 प्रकरण दर्ज कर 06 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया हैं एवं प्रकरण के कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं, आरोपियों के कब्जे से कुल 17 प्रकरण मे 85 लीटर 780 मिलीग्राम अवैध शराब कुल कीमत लगभग 17500/- रुपये बरामद किया गया हैं।।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी,निरीक्षक राजेश सिंह, निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, निरीक्षक प्रदीप कुमार जायसवाल, निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, निरीक्षक कैलाश मिर्रे, उप निरीक्षक सम्पत राम पोटाई, उप निरीक्षक सी. पी. तिवारी सहित थाना चौकी की पुलिस टीम शामिल रहे।


# कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से टिकट के दावेदार बैकुंठपुर के डॉक्टर का नया पोस्टर आया सामने

# पोस्टर में एकमात्र विधायक को दिया स्थान

### मंत्री बनाए गए श्याम बिहारी जायसवाल को अपने पोस्टर में दिया स्थान...सात अन्य विधायकों की फोटो पोस्टर से दिखी गायब

### कोरबा लोकसभा में हैं आठ विधानसभाएं शामिल लोकसभा क्षेत्र के दो विधायक बनाए गए हैं मंत्री

### भूलवश हुआ या जान बूझकर पोस्टर में पांच भाजपा विधायकों को नहीं दिया स्थान या अलग अलग विधानसभा के लिए बना है पोस्टर?







-रवि सिंह-
**कोरिया, 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से टिकट के दावेदार बैकुंठपुर निवासी डॉक्टर राकेश शर्मा का एक नया पोस्टर सोशल मिडिया पर डाला गया है जो खुद डॉक्टर शर्मा ने डाला है और जिसमे केवल एक ही विधायक की तस्वीर नजर आ रही है और वह विधायक हैं श्याम बिहारी जायसवाल जो स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कुल आठ विधानसभाएं शामिल हैं और उनमें से छः विधानसभाओं में भाजपा के विधायक निर्वाचित हुए हैं जिनमे से दो विधायक कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। छः विधायक जिनमे से दो मंत्री हैं में से डॉक्टर राकेश शर्मा ने केवल एक विधायक जो स्वास्थ्य मंत्री हैं उन्ही का तस्वीर पोस्टर में लगाया है जिसको लेकर यह सवाल उठ रहा है की क्या डॉक्टर शर्मा को अन्य छः विधायकों का साथ चुनाव में नहीं चाहिए? क्या वह एकमात्र विधानसभा और विधायक जो मंत्री भी हैं के सहारे लोकसभा में अपनी दावेदारी पक्की करेंगे टिकट मिलने पर जीत भी सुनिश्चित करेंगे क्या उन्हे अन्य पांच विधायकों की जरूरत नहीं पड़ने वाली है? पोस्टर देखकर तो यही लगता है, वैसे पोस्टर को इस हिसाब से भी समझा जा रहा है की डॉक्टर साहब की क्लीनिक की हाल फिलहाल में ही शिकायत हुई थी और किसी तरह उन्होंने क्लीनिक को फिर से खुलवाया है जो कुछ दिन के लिए सील कर दिया गया था प्रशासन के द्वारा और स्वास्थ्य मंत्री के साथ उनकी तस्वीर से उनके क्लीनिक पहुंचने से परहेज रखें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी साथ ही प्रशासन यह उनका एक प्रयास इसके पीछे माना जा सकता है।

## क्या पांच विधायकों की अनदेखी करके वह लोकसभा में खुद को भाजपा से दावेदार बना पाएंगे?

वैसे पांच विधायकों की अनदेखी करके वह लोकसभा में खुद को भाजपा से दावेदार बना पाएंगे जीत दर्ज कर पायेंगे यह लगता नहीं है क्योंकि लोकसभा चुनाव में निश्चित तौर पर विधायकों की अहम भूमिका रहने वाली है और सभी को अपने अपने क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मत डलवाने का जिम्मा रहेगा और इसके लिए प्रत्याशी को भी विधायकों के मान सम्मान का ध्यान रखना होगा। डॉक्टर राकेश शर्मा वैसे तो फिलहाल कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा से दावेदारी कर रहे हैं टिकट की और वह पूरे प्रयास में हैं की उन्हे मौका पार्टी दे और इसके लिए वह पोस्टर बैनर के मामले में खुद को आगे रखना चाहते हैं और ऐसा ही उनका प्रयास है जिसमे यह देखने को मिला है और पांच विधायक या कम से कम विभाजित कोरिया जिले के ही दो विधायकों की तस्वीर नदारद है, डॉक्टर राकेश शर्मा के लिए सबसे करीब के तीन विधायक जो उनके लिए सहयोगी हो सकते हैं उनमें से उन्होंने केवल एक को ही पोस्टर में स्थान दिया है, दो अन्य को नहीं,पोस्टर भगवान श्री राम के अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बनाया गया है और बधाई संदेश पोस्टर में उल्लेखित कराया गया है। बैकुंठपुर के ही विधायक भईयालाल राजवाड़े जहां के खुद भी निवासी हैं डॉक्टर राकेश शर्मा को भी पोस्टर में स्थान नहीं दिया है डॉक्टर राकेश शर्मा ने। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से इस बार भाजपा में दावेदारों की लंबी कतार नजर आ रही है।

## डॉक्टर शर्मा ने पोस्टर में क्यों अन्य विधायकों को स्थान नहीं प्रदान किया?

कोरबा क्षेत्र से सबसे ज्यादा दावेदार हैं भाजपा में कोरबा से पूर्व महापौर कोरबा वर्तमान नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोरबा ,पूर्व सांसद पुत्र कोरबा लोकसभा सहित कई अन्य नाम हैं जो दावेदारी कर रहे हैं। वैसे अन्य दावेदार भी पोस्टर बैनर में खुद को अग्रणी बनाने की कोशिश कर रहे हैं और उनके पोस्टरों में स्थानीय विधायकों को स्थान भी प्रदान किया जा रहा है। डॉक्टर राकेश शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर लगाए गए पोस्टरों में लगभग सभी को स्थान प्रदान किया था लेकिन इस बार उन्होंने केवल एक ही विधायक को स्थान दिया है। डॉक्टर राकेश शर्मा विगत दो वर्षों से ही राजनीति के सक्रिय हुए हैं इसके पहले वह सामाजिक कार्यक्रमों में कम ही या नहीं के ही बराबर शामिल हुआ करते थे लेकिन अब वह हर सामाजिक कार्यक्रम में भी जा रहे हैं और सभी जगह समय भी प्रदान कर रहे हैं। डॉक्टर शर्मा ने पोस्टर में क्यों अन्य विधायकों को स्थान नहीं प्रदान किया यह तो वही बता सकते हैं लेकिन यह उनकी भूल है की ऐसा जानबूझकर किया गया है यह बड़ा सवाल है।

# विधायक बनते ही भईयालाल राजवाड़े के घर सुबह से ही फरियादियों की भीड़ लगने लगती है...जो पूर्व विधायक के कार्यकाल में देखने को नहीं मिली

### फरियादियों को अपने विधायक से मिलने के लिए नहीं पड़ता है किसी के सामने गिड़गिड़ाना

### 75 की उम्र में भी अपनी जनता का काम करने से नहीं कतराते बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े,आज भी पूरे उत्साह से सुनते हैं फरियाद...करते हैं निराकरण





-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर, 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के साथ बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक को भी जनता ने बदल दिया और अब विधायक कोई और नहीं दो बार पूर्व में भी विधायक रह चुके भईयालाल राजवाड़े हैं जो अपने पुराने ही ढंग से जनता के लिए सरल व सहज बने हुए हैं यही वजह है कि उनके विधायक बनते ही फिर से फरियादियों की भीड़ सुबह से ही उनके घर के सामने पहुंच जाती है और भइयालाल राजवाड़े सभी की फरियाद सुनते भी हैं और उनके अनुसार काम भी करना चाहते हैं। बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के पास पहुंचने के लिए फरियादियों को किसी ब्रेकर की जरूरत नहीं पड़ती सीधे पहुंच पाने में वह सक्षम हो जाते हैं भईयालाल राजवाड़े से फरियादियों को मिलने के लिए उनके प्रतिनिधि या फिर अन्य लोगों का सामना नहीं करना पड़ता ऐसा पहले भी था और ऐसा आज भी है यही वजह है कि फरियादी यहां पर बड़ी आसानी से अपने विधायक से मिल लेते हैं जो पूर्व विधायक कांग्रेस की के कार्यकाल में नहीं देखने को मिला फरियादी जब अपनी फरियाद सुनाकर आते हैं तो यह भी बताते हैं की बड़ी आत्मीयता से उनके विधायक उनकी बात सुनते हैं और उनके काम को करने का प्रयास करते हैं।

## 75 वर्ष की उम्र में देर रात तक वहीं अल सुबह से वह घिर जाते हैं फरियादियों से, करते हैं जबरदस्त मेहनत

भईयालाल राजवाड़े देर रात तक जहां फरियादियों की फरियाद सुनते हैं वहीं वह अल सुबह से फिर फरियाद सुनने लगते हैं,75 वर्ष की उम्र में वह जिस तरह जनता के समस्याओं के लिए मेहनत कर रहे हैं उसे देखकर कहा जा सकता है की वह अपने क्षेत्र की जनता का ऋण चुकाने का कोई मौका जाने नहीं देना चाहते। फरियादियों को उनसे काफी उम्मीद भी रहती है जिसमे वह खरा भी लगातार उतरते हैं।

## सुबह होते ही लगती है भीड़,दिन जैसे-जैसे आगे बढ़ता है भीड़ भी बढ़ती है

बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के घर पर सुबह से ही भीड़ पहले जैसे फरियादियों की लगानी लगी है। जैसे जैसे दिन बढ़ता जाता है भीड़ बढ़ती जाती है। सुबह जैसे ही बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े सोकर उठते हैं वैसे ही वह फरियाद सुनने भीड़ जाते हैं वहीं जबतक वह घर पर मौजूद रहते हैं वह फरियाद सुनने ही रहते हैं। फरियादियों के अनुसार भईयालाल राजवाड़े से मिलने के लिए यह नहीं देखना पड़ता की वह सोकर बिस्तर से उठ भी पाए हैं की नहीं अधिकांश फरियादी उनसे उनके शयन कक्ष में ही मिलकर फरियाद सुना आते हैं वहीं निराकरण भी उन्हे मिल जाता है।

## भईयालाल राजवाड़े से मिलने के लिए नहीं लेनी पड़ती किसी से अनुमति, सीधे मिल सकते हैं फरियादी

भईयालाल राजवाड़े से मिलने के लिए किसी से अनुमति नहीं लेनी पड़ती वहीं सीधे उनसे फरियादी मिल पाते हैं ऐसा भी फरियादियों का कहना है।फरियादियों की माने तो भईयालाल राजवाड़े के घर पहुंचने पर केवल यह पता करना होता है की वह सोकर उठ चुके हैं सुबह यदि फरियादी जल्द पहुंचे हैं तो वहीं वह सोकर उठते ही सीधे लोगों से मिलने लगते हैं और सभी की समस्याओं का निराकरण करने लगते हैं।

## पूर्व विधायक बैकुंठपुर से मिलने में फरियादियों को होती थी कठिनाई,कई माध्यमों से गुजर कर मिल पाते थे फरियादी

वैसे अब पूर्व विधायक की भी चर्चा इसी तारतम्य में होने लगी है,लोगों का कहना है की पूर्व विधायक के सामने जाने से फरियादी कतराते थे क्योंकि पहले उन्हे कई माध्यमों से गुजरना पड़ता था वहीं जब उन्हे मिलने का मौका भी मिलता था तो उनके आवेदनों का परीक्षण होता था तब विधायक उचित अनुचित मानकर निराकरण का प्रयास करती थीं अन्यथा उन्हे ऐसे ही बिना सुनवाई लौट जाना पड़ता था।

## भईयालाल राजवाड़े हर फरियादी की मदद के लिए करते हैं प्रयास,किसी को नहीं करते निराश

भईयालाल राजवाड़े को लेकर फरियादियों का कहना है की वह किसी फरियादी को निराश नहीं करते हैं। हर किसी की समस्या को सुनकर उसके निराकरण का वह प्रयास करते हैं। जिन मामलों में कोई तकनीकी दिक्कत हो भी तब भी वह फरियादी को संतुष्ट करते हैं तभी वापस भेजते हैं।

# स्थानांतरण के बाद भी जमे हुए है महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी




-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ अधिकारी रमेश साहू का स्थानांतरण अन्यत्र स्थान पर लगभग 4 महीने पूर्व हो जाने के बाद भी अपने पद पर जमे हुए है। वर्तमान में इन दिनों जिला कार्यक्रम अधिकारी कोरिया जो कि सुर्खियों में है जिन पर कर्मचारियों का शोषण करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप भी लग चुके है । यहां तक की लिखित शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, सचिव और कलेक्टर को भी की गई है। पूर्ववर्ती सरकार में बेहद करीबी रहे जिला कार्यक्रम अधिकारी राजनैतिक विचार धारा से प्रेरित माने जाते है, जिला में पदस्थ जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा भी उन पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। सूत्रों की माने तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी को मानसिक प्रताड़ित सिर्फ इस लिए किया गया है कि उनका परिवार राजनैतिक दल से जुड़ा हुआ है जिसकी वजह से चुनाव के पूर्व से ही लगातार झूठी शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उनके विरुद्ध करा कर मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। पूर्व में भी लगातार विवादों में रहे पूर्व में बीजापुर जिले में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद रहते हुए अनियमितता के गंभीर आरोप लगे थे जिस मामले में इनके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा के तहत अपराध दर्ज किए गए थे , जिसका मामला आज भी न्यायलय में विचाराधीन है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष गुप्ता ने जिला कार्यक्रम अधिकारी कोरिया के ऊपर मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के गंभीर आरोप लगाए है। आशीष गुप्ता का कहना है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध कार्य करने हेतु दबाव डाला जाता है और कार्य ना करने पर वो खुद मिलीभगत करते हुए उनके विरुद्ध झूठी शिकायत कराया गया है। फिर शिकायत जांच समिति में खुद को शामिल कर उनके द्वारा धमकी भी दिया जा रहा है कि जांच क्या होता है मैं करके दिखता हूं कह कर लगातार प्रताड़ित कर रहे है, जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष गुप्ता ने कलेक्टर से जिला कार्यक्रम अधिकारी को शिकायत जांच समिति से पृथक किए जाने की गुहार लगाते हुए कहा है कि मैं हृदय रोग से ग्रसित हूँ मेरी बायपास सर्जरी हो चुकी है। मानसिक प्रताड़ना से अगर मुझे कुछ भी होता है तो इसकी सारी जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम अधिकारी की होगी।

# स्वास्थ्य मंत्री और कोरिया जिपं अध्यक्ष से सरगुजा संभाग के मेडिकल कॉलेज के डीन से की मुलाकात



-संवाददाता-
**खड़गंवा 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना**
मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के टीम ने छ ग शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और कोरिया जिला के जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह से मुलाकात कर के मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के समस्याओं के बारे विस्तृत चर्चा किया गया। मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर से आए टीम ने जिला एमसीबी के मनेंद्रगढ़ में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को जल्द शुरू करने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी स्वास्थ्य मंत्री को औगत कराया गया। जिससे मनेद्रगढ़ की बहु प्रतीक्षित मांग इस क्षेत्र में मिल सके। खडगांवा के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में भी जिला कोरिया के जिला पंचायत के अध्यक्ष रेणुका सिंह से भी विस्तृत जानकारी दी गई और जल्द ही मनेद्रगढ में मेडिकल कॉलेज शुरू किया जाए चर्चा किया गया। मेडिकल कालेज मनेद्रगढ खुल जाने से जिला एमसीबी के साथ साथ जिले से जुड़े लोगो के साथ सीमावर्ती प्रदेश के लोगो को लाभ मिलेगा। मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर से आए डीन डॉक्टर रमनेश मूर्ति, अधीक्षक डॉक्टर रमेश चंद्र आर्या, प्रशासनिक अधिकारी जगदीश प्रसाद सिंह और मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर की टीम ने मुलाकात किया गया।

CMYK

# एसडीएम का आम नागरिकों से व्यवहार अच्छा नहीं:ननकी राम कंवर



## तत्काल हटाने मुख्यमंत्री से की मांग

### सूरजपुर में नायब तहसीलदार,कोरिया में तहसीलदार, अब कोरबा में एसडीएम बनने के बावजूद विवाद नहीं छोड़ रहा पीछा, फिर एक बार घिरी



-राजा मुखर्जी-
**कोरबा 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने कोरबा जिले के कटघोरा में पदस्थ एसडीएम ॠचा सिंह पर विधानसभा चुनाव के समय नियम विरूद्ध तरीके से कांग्रेस प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने एवं अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर एसडीएम का अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है। पत्र में ननकीराम कंवर ने बताया है कि कटघोरा में पदस्थ एसडीएम ॠचा सिंह हमेशा अपने कार्यकाल में जहां भी पदस्थ रही वहां पर वे विवादों में ही रही है साथ ही आम नागरिकों से इनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा है। इसके साथ ही कटघोरा जनपद की शासकीय भूमि में कब्जा करवाना एवं भू-माफियाओं को सहयोग देना इनके कार्यकाल की पहली प्राथमिकता रही है। इनके द्वारा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की मदद करने की नियत से एसईसीएल गेवरा, कुसमुंडा ग्राम मल गांव में निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीणों को अपने पद का दुरुपयोग करते हुए चुनाव आचार संहिता के समय कांग्रेस प्रत्याशी को वोट नहीं देने पर उनके द्वारा निवास करने वाले मकान को पुलिस का सहारा लेकर तोड़ने की कार्यवाही कई बार की गई है। वर्तमान में भी एसडीएम कटघोरा द्वारा मकान तोड़ने का प्रयास बार-बार किया जा रहा है, जो नियम विरूद्ध है। ननकीराम ने पत्र में आगे बताया कि इस संबंध में मेरे द्वारा चुनाव के दौरान विधानसभा कार्यालय रायपुर एवं दिल्ली को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था। कलेक्टर कोरबा को भी इस संबंध में मौखिक रूप से कई बार बताया गया, परंतु आज उपरांत एसडीएम कटघोरा को हटाया नहीं गया है। इसके कारण कभी भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अतः अनुरोध है कि कटघोरा एसडीएम ॠचा सिंह द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने की नियत से कार्य किया गया है एवं अपने पदस्थ स्थान पर हमेशा विवादित रही है, ऐसे विवादित अधिकारी का तत्काल अन्यत्र स्थानांतरण करने का निर्देश दें।

# ग्राम पंचायतों को बनाएं सशक्तः केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह



-संवाददाता-
**कोरबा,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने एनटीपीसी कावेरी भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास से संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होने जिले में मनरेगा, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण,वाटरशेड, अमृत सरोवर सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह ने जिले में चार, चिरौंजी, केला,पपीता उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए पशुपालन को बढ़ावा देने और सामाजिक वानिकी को स्थापित करते हुए पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए। एनटीपीसी के कावेरी विश्राम गृह में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने शासकीय आवासों सहित इच्छुक किसानों के आवासीय परिसरों में चार-चिरौंजी के पौधें लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते गए पशुपालन, फलदार पौधा रोपण सहित अन्य लाभदायक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला समूह के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड,श्रम कार्ड, सुरक्षा बीमा,जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए। केंद्रीय मंत्री ने पारंपरिक खेती के स्थान पर मक्का सहित अन्य फसलों को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानो में नई आर्थिक गतिविधि संचालित करने की दिशा में प्रयास करने के संबंध में भी सुझाव दिए और एनटीपीसी तथा बालको के सहयोग से आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने सामाजिक वानिकीकरण को बढ़ावा देने, प्रधानमंत्री जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति को विकास से जोड़ने, वाटरशेड के माध्यम से जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के सम्बंध में भी निर्देश दिए। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण भीम सिंह, कलेक्टर अजीत वसंत,पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वन मण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, कटघोरा वन मण्डला धिकारी निशांत कुमार, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत प्रदीप साहू, अपर कलेक्टर दिनेश नाग सहित एनटीपीसी के जीएम आदि उपस्थित थे।

# वाहनों से टूट रही हैं ग्रामीण सड़कें,रफ्तार से हो रही है दुर्घटना

## बच्चे जान जोखिम में डालकर जाते हैं स्कूल, धूल भरी सड़को और क्रेसर डस्ट से

-संवाददाता-
**बलरामपुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
सरगुजा एवं बलरामपुर जिले के राजपुर, बरियों, धौरपुर , परसा,क्षेत्र से बड़ी संख्या में गिट्टी लोड हाईवा और बड़ी ट्रकों का झारखंड और उत्तर प्रदेश बिना पीट पास के चोरी छुपे परिवहन धड़ल्ले से जारी है। बरियों एवं राजपुर क्षेत्र से कुछ गिट्टी क्रेशर का अवैध तरीके से संचालन किया जा रहा है और अधिकांश ट्रक बिना पीट पास के दूसरे राज्यों में जाने से शासन को जहां राजस्व की क्षति हो रही है ,वहीं तेज रफ्तार ओवरलोड वाहनों के संचालन से ग्रामीण इलाके में बनी पक्की सडके टूट रही



है। इधर अक्सर बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं ।ग्रामीण और स्कूली बच्चे इन तेज रफ्तार हाईवा और ट्रकों की आवाजाही से जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं।

सरगुजा जिले के धौरपुर क्षेत्र एवं बलरामपुर जिले के बरियों क्षेत्र से बड़ी संख्या में ट्रक दूसरे शहरों की ओर अवैध तरीके से भेजी जा रही हैं ।इधर कुछ गिट्टी क्रेशर नियम अनुसार संचारित है ,लेकिन अधिकांश गिट्टी क्रेशर में नियम कानून के विपरीत गिट्टी उत्पादन एवं परिवहन किया जा रहा है ।राजपुर क्षेत्र के पांच स्टोन क्रशर अवैध तरीके से संचालित हैं वहीं बरियों, परसा, राजपुर और धौरपुर क्षेत्र में लगभग 15 गिट्टी क्रेशर में अवैध तरीके से गिट्टी परिवहन किया जा रहा है। धौरपुर एवं बरियों से सिधमा ,अखोरा, कल्याणपुर होकर ट्रके गुजर रही हैं वहीं चाची, डकवा , कुंदी रेवतपुर शिवपुर होते हुए भी ट्रक उत्तर प्रदेश एवं सरगुजा जा रहे हैं। इधर नेशनल हाईवे 343 से बरियों राजपुर, पस्ता ,बलरामपुर, रामानुजगंज ,शंकरगढ़ ,कुसमी, कोरंधा होते हुए बगैर पीट पास के ट्रके सरहद पार कर रही हैं। इस मार्ग में कई पुलिस थाने एवं चौकी बैरियर पडते हैं ,वहीं अंतरराज्य सीमा पर भी चेकिंग होती है। कभी-कभार दिखावे के लिए एक दो गाड़ियां पकड़कर शेष ट्रकों की सुरक्षित निकासी की जाती है। खनिज माईनिंग , राजस्व ,विद्युत एवं स्थानीय पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच लंबे समय से नहीं की जा रही है,और अवैध गिट्टी क्रेशर का संचालन और बगैर पीट पास के ट्रकों से परिवहन बेखौफ जारी है।

### प्रतिदिन शासन को लाखों के राजस्व की क्षति

राजपुर, बरियों ,धौरपुर क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रक हाईवा गिट्टी परिवहन कर रहे हैं ,और इनमें से कुछ गाडियां पीट पास के साथ और अधिकांश ट्रक बगैर पीट पास के चल रही हैं। बरियो पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान में इन्हें नहीं देखा जा रहा है। अन्य स्थानों पर आसानी से ट्रकें पार करते हैं। यूपी झारखंड बॉर्डर पर प्रशासन द्वारा कभी कभी कार्यवाही हुई है। इनके परिवहन से हर साल लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा।

# कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास महतो ने छ. ग. शालेय शिक्षक संघ पत्रिका का किया विमोचन

-संवाददाता-
**कोरबा,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
प्रदेश कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने विकास कांप्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के कैलेंडर 2024 का विमोचन किया । शिक्षकों के उत्साहपूर्ण माहौल में समुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि शिक्षक, गुरु का स्थान समाज और देश में सर्वोपरि है। गुरुओं का ज्ञान सभी को सत्य का मार्ग दिखाता है । गुरु से शिक्षा प्राप्त कर हम सभी आज अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहे है. गुरु की शिक्षा प्राप्त कर उनके शिष्य देश की सेवा, रक्षा और उत्तरोत्तर प्रगति कर करते




हुए भारत का नाम रौशन कर रहे हैं । इस दौरान कार्यक्रम में शामिल शिक्षकों को प्रदेश कार्य समिति भाजपा के सदस्य व रायगढ़ जिला सह प्रभारी विकास महतो ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक और शिक्षा का ज्ञान नहीं होता तो न जाने आज हम सब कहां होते, उन्होंने अपने बचपन के स्कूली दिनों को याद करते हुए कहा कि स्कूल जाने और पढ़ने का गुरुओं के ज्ञान की परिभाषा आज हम सब जानते समझते हैं. शिक्षकों के दिए ज्ञान के बलबूते ही देश का प्रगतिशील विकास संभव हो रहा है । इस दौरान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, जिलाध्यक्ष वेद व्रत शर्मा, ईश्वरी तिवारी, बिना महंत, विनिता तिवारी, सुमन चौबे,उमा देवी कंवर,पुष्पा कंवर, नीलिमा ध्रुव, शशि राठौर, पायल साहू,जया वैष्णव,खगेश्वरी उरांव,आरती सराफ,मीना पाटले सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण शामिल रहे ।

# मिक्सर मशीन की टक्कर से ट्रैक्टर पुलिया के नीचे गिरी घायल गंभीर

-संवाददाता-
**उदयपुर 14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**



ग्राम बासेन में ईंट लोड ट्रैक्टर को पीछे से मटेरियल लेकर जा रहे मिक्सर मशीन ने जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे ट्रैक्टर वही पुलिया के नीचे गिर गई ट्रैक्टर के तीन टुकड़े हो गए और मिक्सर मशीन भी वहीं पुलिया के नीचे ट्रैक्टर के साथ साथ पलट गई। घायलों को उपचार हेतु सीएचसी उदयपुर लाया गया । जिनका उपचार जारी है। घटना के बाद मिक्सर मशीन चालक को कुछ लोग बाइक में बैठाकर वहां से भगा दिया। ग्राम बेलढाब से बासेन ईंट लोडकर जा रही थी ट्रैक्टर । घायलों में वाहन चालक बहादुर, लेबर रंजन, रामसाय और हिरासाय शामिल है। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जान बूझकर मिक्सर मशीन चालक ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी है।

# सुनील गुप्ता ने मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

-संवाददाता-
**प्रतापपुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
विकासखंड प्रतापपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता व जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा सुनील गुप्ता ने ने सादे समारोह में 60 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया. वहीं कार्यक्रम में उपस्थित प्रतापपुर विकासखंड के सभी पत्रकारों को नए वर्ष के अवसर पर डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया. मौके पर सुनील गुप्ता ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है. कड़ाके की ठंड में कई गरीब आज भी ठिठुर रहे हैं किंतु उन्हें देखने वाला कोई नहीं. उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि मैंने गरीबों को कंबल देकर आशीर्वाद लिया. हमारा क्षेत्र जंगल



इलाका में है, जहां लगातार एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं. गरीबों को ठंड से बचाने के लिए यह पहल की गई है।

### जरूरतमंदों के लिए संपन्न लोग मदद का बढ़ाये हाथ

अधिवक्ता सुनील गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्य करने के लिए संपन्न व्यक्ति को आगे आना चाहिए. जरूरतमंदों को इससे मदद मिलती है. प्रतापपुर मेरा कर्मभूमि है गरीबों की सेवा करना मेरा जीवन का मुख्य लक्ष्य है मैं आप लोगों के साथ हमेशा खड़ा हूं सुख-दुख में कभी भी आप सब मुझे जाकर सहयोग ले सकते हैं इस कार्यक्रम में उनके पुत्र अधिवक्ता विक्रमादित्य गुप्ता वार्ड पार्षद फूल साय अजीत तिर्की सुनील, करिमन,सुनील,बिनोद,सोनू,रामरतन, सिवरतन, सूदन, फुल्साय, हिरसाय, संगीता तिर्की मंजू तिर्की जमुना तिर्की पुस्पा तिर्की सन्नी तिर्की, मुन्ना शामिल थे।

## अंबिकापुर बिजली विभाग के करोड़ों रुपए का बकाया बिजली बिल वसूली में छूट रहे पसीने

# करोड़ों रुपए का बकाया बिजली बिल वसूली में छूट रहे पसीने

### 130 करोड रुपए का बिजली बिल बकाया | 12 करोड रुपए का बिजली बिल शासकीय विभागों के बकाया | 118 करोड रुपए निजी उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया

-संवाददाता-
**अंबिकापुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
सरगुजा जिले में बिजली विभाग एक ओर जहां कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर करोड़ों रुपए के बिजली बिल बकाया होने से इसकी वसूली में पसीने छूट रहे हैं। दरअसल शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण इलाको तक बड़ी मात्रा में विद्युत खपत हो रहा है समय-समय पर सरकार की योजनाओं का भी लाभ उपभोक्ताओं को मिलता है ऐसे में विद्युत विभाग को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है अगर सरगुजा जिले की बात करें तो




अब तक करीब 130 करोड रुपए का बिजली बिल बकाया है जिसमें 12 करोड रुपए का बिजली बिल शासकीय विभागों के बकाया है जबकि 118 करोड रुपए निजी उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया है,विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता आर के मिश्रा ने बताया कि सबसे ज्यादा शासकीय दफ्तरों के बिजली बिल बकाया है बकाया बिजली के लिए स्थानीय स्तर पर जिला अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है वहीं निजी उपभोक्ताओं को नोटिस देकर बिजली बिल भुगतान करने कहा जाता है उन्होंने बकाया बिजली बिल वसूल करना चुनौती पूर्ण कार्य है विभाग एक और जहां कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है वही वसूली करना जिम्मेदारी है जिसे जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक प्रयास किया जा रहे हैं।

# शराब जब्ती पर आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई

-संवाददाता-
**सूरजपुर,14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
ग्राम करंजी के भारत माता हिन्द वाहिनी महिला समूह के सदस्यों की उपस्थिति में नीरा जायसवाल के रिहायशी मकान से 3 लीटर महुआ शराब, लखन लाल रजवार के रिहायशी मकान से 3 लीटर महुआ शराब बरामद कर 2 प्रकरण 34(1)(क) एवं जायसवाल बाड़ी के पीछे ग्राम करंजी में 300 किग्रा. महुआ लहान बरामद कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 34(1)(च) के कुल 3 प्रकरण कायम किया गया है।

# मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही का सिलसिला कायम

-संवाददाता-
**सूरजपुर14 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**
कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा अनाज के थोक व्यापारियों, ट्रेडर्स और मिलर्स पर छापामार आज भी जारी रही। शनिवार शाम तक मंडी अधिनियम के तहत 1274 क्विंटल धान की जप्ति की कार्यवाही की गयी। जिसकी क़ीमत 27 लाख 83 हज़ार रूपये अनुमानित



है। आज थोक व्यापारी पूनम चंद कोयल के यहां 26 क्विंटल, सुशील कुमार अग्रवाल के यहां 21 क्विंटल, ओम राईस प्रोडक्ट्स में 240 क्विंटल, जिंदल एग्रो प्रोडक्ट में 224 क्विंटल, कृष्णा एग्रो प्रोडक्ट्स 280 क्विंटल एवं एग्रो राइस मिल में 483 क्विंटल के धान की जब्ती की गई। प्रशासन की कार्यवाही से धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वाले कोचिये व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान के परिवहन और अफरा-तफरी करने वाले कोचिये व बिचौलियों पर सख्ती करने के साथ ही जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में लगातार कड़ी मॉनिटरिंग करने के लिए सभी जिला नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिया गया है।

# संक्षिप्त खेल समाचार

## बार्सिलोना और रियल मैड्रिड सुपर कोपा डी एस्पाना फाइनल में भिड़ेंगे

**रियाद,14 जनवरी 2024।** बार्सिलोना और रियल मैड्रिड 15 जनवरी को स्पेनिश सुपरकोपा डी एस्पाना फाइनल में एक बार फिर आमने-सामने होंगे। यह मैच सऊदी अरब में खेला जाएगा।




सऊदी अरब के रियाद में हुए सेमी फाइनल मुकाबले में बार्सिलोना ने ओसासुना को 2-0 से हराकर अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। रॉबर्ट लेवांडोवस्की और लैमिन यामल के गोल ने जीत पर मुहर लगा दी, जिससे बहुप्रतीक्षित एल क्लासिको फाइनल के लिए मंच तैयार हो गया।पहले सेमीफाइनल में एटलेटिको मैड्रिड पर रियल मैड्रिड की जीत के बाद, यह मुकाबला सितारों से भरा होगा, जिसमें ज ू ड बेलिंगहैम, टोनी क्रोस और विनीसियस जूनियर जैसी प्रतिभाओं के साथ-साथ बार्सिलोना के फेरान टोरेस और पेड्रि जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगे। 'क्लासिको' लगातार दूसरे सीज़न के लिए स्पेनिश सुपर कप विजेता का फैसला करता है।

## अंतुम नकवी ने रचा इतिहास


### किसी भी प्रतिनिधि क्रिकेट में 300 रन बनाने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने

**हरारे,14 जनवरी 2024।** मिड वेस्ट राइनोज का नेतृत्व कर रहे 24 वर्षीय अंतुम नकवी ने प्रतिनिधि क्रिकेट के किसी भी स्तर पर तिहरा शतक लगाने वाला जिम्बाब्वे टीम का पहला खिलाड़ी बनकर जिम्बाब्वे क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। हरारे में



राइनोस बनाम माटाबेलेलैंड टस्कर्स लोगान कप मैच के दौरान यह उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई। जैसे ही तीसरे दिन का खेल शुरू हुआ, पहले से ही 250 रन बनाकर खड़े नकवी ने टस्कर्स के 128 रन के जवाब में अपनी टीम को 3 विकेट पर 461 रन तक पहुंचा दिया। नकवी का निरंतर प्रदर्शन जारी रहा, दोपहर के भोजन से पहले 300 रन के मील के पत्थर तक पहुंच गए, साथ ही जिम्बाब्वे के कई रिकॉर्ड फिर से लिखे। 300 रन की अपनी यात्रा में नकवी ने 2017-18 सीज़न में सेफस जुवाओ के 265 को पीछे छोड़ते हुए, सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के लिए लोगान कप प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी ने रचा इतिहास



### पहली बार मलेशिया ओपन के फाइनल में बनाई जगह

**कुआलालंपुर,14जनवरी 2024।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे पर उनकी जीत ने न केवल उनके लचीलेपन को प्रदर्शित किया, बल्कि ओपन युग में 1983 के बाद से मलेशिया ओपन के किसी भी वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय के रूप में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर भी चिह्नित किया।विश्व में दूसरे नंबर पर काबिज इस गतिशील जोड़ी ने पिछले वर्ष अपना असाधारण प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने छह खिताब जीते थे। कोर्ट पर उनका कौशल पूरे प्रदर्शन पर था क्योंकि दूसरे गेम में 11-18 से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने 21-18, 22-20 से शानदार जीत दर्ज की और जोरदार तरीके से फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान की तोड़ी कमर

» एलन की विस्फोटक फिफ्टी
» काम न आए बाबर के 66 रन
» सीरीज में 2-0 से आगे कीवी

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे टी-20 में 21 रन से हराया

**हेमिल्टन,14 जनवरी 2024।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे टी-20 में 21 रन से हरा दिया। हेमिल्टन के सेडन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग की। टीम ने 8 विकेट पर 194 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड से ओपनर फिन एलन ने 41 बॉल पर 74 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं पाकिस्तान से बाबर आजम और फखर जमान ने फिफ्टी लगाई लेकिन दोनों अपनी टीम को जिता नहीं सके।

दूसरे टी-20 में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तीसरा टी-20 मैच 17 जनवरी को डुनेडिन में खेला जाएगा।

### पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी

रविवार को हेमिल्टन में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। न्यूजीलैंड को ओपनर फिन एलन और डेवोन कॉन्वे ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 5 ही ओवर में टीम का स्कोर 59 रन तक पहुंचा दिया। छठे ओवर में कॉन्वे 20 रन बनाकर आउट हो गए।

नंबर-3 पर उतरे केन विलियमसन ने एलन के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया और फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। एलन 74 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच पार्टनरशिप टूटी।

### रिटायर्ड हर्ट हुए विलियमसन

26 रन पर बैटिंग के दौरान विलयमसन रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। उन्हें पैर की मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हो रहा था। उनकी जगह डेरिल मिचेल बैटिंग करने आए लेकिन वह 17 रन बनाकर ही आउट हो गए।

मिचेल के बाद ग्लेन फिलिप्स 13 और मार्क चापमन 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जबकि एडम मिल्न और ईश सोढी खाता भी नहीं खोल सके।

### सैंटनर ने 190 के पार पहुंचाया

कोरोना संक्रमित होने के कारण पहला मैच



नहीं खेल सके मिचेल सैंटनर ने दूसरे टी-20 में 25 रन बनाए। उन्होंने महज 13 बॉल खेली और टीम का स्कोर 190 रन के पार पहुंचाया। सैंटनर ने पारी में 3 चौके और 2 सिक्स लगाए। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 194 रन बनाए।

पाकिस्तान से हारिस रऊफ ने 3 विकेट लिए। अब्बास अफरीदी को 2 सफलताएं मिलीं। जबकि आमेर जमाल और उसामा मीर को 1-1 विकेट मिला।

### पाकिस्तान की शुरुआत खराब

195 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। सैम अय्युब एक और मोहम्मद रिजवान 7 रन ही बना सके। एडम मिल्न और टिम साउदी को 1-1 विकेट मिला।

फखर-बाबर ने की 87 रन की पार्टनरशिप शुरुआती 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद बाबर आजम ने फखर जमान के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने टीम को 50 रन के पार पहुंचाया और आपस में फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। फखर 25 बॉल में 50 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 87 रन की पार्टनरशिप टूटी।

### पाकिस्तान ने लगातार विकेट गंवाए

97 रन पर 3 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान संभल ही नहीं सका। टीम ने लगातार विकेट गंवा दिए। इफ्तिखार अहमद 4, आजम खान 2 और आमेर जमाल 9 ही रन बनाकर आउट हो गए।

### बाबर 66 रन बनाकर आउट, टीम को जिता नहीं सके

बाबर आजम ने फिफ्टी लगाई और टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। वह 17वें ओवर में 66 रन बनाकर आउट हुए और टीम के जीतने की उम्मीद भी टूट गई। बाबर के बाद शाहीन अफरीदी 22 रन बनाकर आउट हुए, जबकि उसामा मीर खाता भी नहीं खोल सके।

### मिल्न ने झटके 4 विकेट

न्यूजीलैंड से तेज गेंदबाज एडम मिल्न ने 4 विकेट लिए। लेग स्पिनर ईश सोढी ने मिडिल ओवर्स में 2 विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेला। जबकि टिम साउदी और बेन सीयर्स को भी 2-2 सफलताएं मिलीं।

### तीसरा टी-20 बुधवार को

न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले टी-20 में 46 रन से हराया था। अब दूसरे टी-20 में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तीसरा टी-20 मुकाबला 17 जनवरी को डुनेडिन में खेला जाएगा। वहीं चौथा मैच 19 जनवरी और पांचवां मैच 21 जनवरी को होगा, दोनों मुकाबले क्राइस्टचर्च में खेले जाएंगे।

# धावक उसेन बोल्ट ने फॉर्मूला ई-कार स्पोर्ट्स में आजमाया हाथ


**मैक्सिको सिटी,14 जनवरी 2024।** महान धावक उसेन बोल्ट ने पिछले साल सबसे तेज फॉर्मूला ई कार का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले 'जेनबेटा' रेसिंग कार पर मेक्सिको ई प्रिक्स से पहले अपना हाथ आजमाया। 'जेनबेटा' ने 218.71 किमी प्रति घंटे की शीर्ष गति के साथ 2023 में गिनीज विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया था। आठ बार के ओलंपिक चैंपियन को हालांकि इस रेसिंग कार में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई छह फीट पांच इंच लंबे बोल्ट ने कहा कि उन्हें कार में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई लेकिन जल्द



ही इससे सामंजस्य बिठा लिया। उन्होंने कहा,'' वहां जगह काफी कम थी। यह पहली बार था जब कार में बैठने में मुझे इतनी परेशानी हुई। मैं हालांकि इस पल का लुत्फ उठाना चाहता था।'' उन्होंने यहां के 'ऑटोड्रोमो हरमनोस रोड्रिग्ज सर्किट' की ट्रैक पर महज 2.89 सेकंड में 60 मील प्रति घंटे की रफ्तार हासिल कर ली। उन्होंने 4.36 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की। सौ और 200 मीटर दौड़ के विश्व रिकॉर्डधारी जमैका के इस 37 साल के पूर्व धावक ने कहा, '' यह अलग तरह का अनुभव रहा, ऐसा लगा जैसे इसके पहियों पर रॉकेट लगे हो। कार चलाते समय मुझे आश्चर्य हुआ और इसने मुझे एक अलग एहसास दिया।

## सुआरेज ने बार्सिलोना के अपने पूर्व साथियों मेस्सी,बस्केट्स और अल्बा के साथ अभ्यास किया

**फोर्ट लॉडरडेल,14 जनवरी 2024।** बार्सिलोना के लिए एक साथ खेल चुके लियोनेल मेस्सी, लुईस सुआरेज,सर्जियो बस्केट्स और जोर्डी एल्बा ने अमेरिका के मेजर सॉकर लीग (एम एस एल) की टीम इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिए एक साथ अभ्यास किया। इंटर मियामी का सत्र पूर्व अभ्यास शिविर आधिकारिक तौर पर शनिवार को शुरू हुआ।



सुआरेज पहली बार टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे जहां 2014 में बार्सिलोना के उनके तीन अन्य पूर्व साथी पहले से मौजूद थे। सुआरेज ने पिछले महीने ही इंटर मियामी से एक साल का करार किया है। सुआरेज ने कहा, '' मेरी लिए एक ऐसी टीम में खेलना शानदार होगा जिसमें कई जाने-माने खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों को हर कोई जानता है। मेरे यह नया क्लब एमएसएल चैम्पियन बनना चाहता है और मुझसे उसकी यही उम्मीद है कि मैं इस में पेशेवर तरीके से उनकी मदद करूं।'' सुआरेज और मेस्सी ने बार्सिलोना में एक साथ छह सत्र खेले हैं। टीम ने इस दौरान चार स्पेनिश लीग खिताब और नौ अन्य ट्रॉफियां जीतीं ,जिसमें एक चैंपियंस लीग खिताब भी शामिल था।

# चिली ने चेक गणराज्य पर 6-0 से जीत के साथ उम्मीदें बरकरार रखीं



**रांची,14 जनवरी 2024।** झारखंड पैन-एम गेम्स के कांस्य पदक विजेता चिली ने महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में चेक गणराज्य पर रविवार को यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में 6-0 की शानदार जीत के साथ ओलंपिक खेलों की हॉकी प्रतियोगिता में पहली बार प्रवेश करने की अपनी संभावना बरकरार रखी।

कप्तान मैनुएला यूरोज ने 47वें और 56वें मिनट में गोल दागे, जबकि कॉन्सुएलो डी लास हेरास (13वें मिनट), कैमिला कैरम (38वें मिनट), एंटोनिया ऑर्चर्ड मोरालेस (44वें मिनट) और मारिया माल्डोनाडो (58वें मिनट) ने अन्य गोल किए। शनिवार को अपने शुरुआती मैच में जर्मनी से मिली 3-0 की हार से उबरते हुए चिली ने इस जीत से अपनी उम्मीदों को कायम रखा।रविवार की जीत ने चिली को दौड़ में बनाए रखा है और सेमीफाइनल के लिए जापान के साथ सीधा शूट-आउट तय किया है, जिसने शनिवार को चेक गणराज्य को हराया था, क्योंकि ये दोनों टीमें जर्मनी के बाद दूसरे स्थान के लिए संघर्ष कर रही हैं, लगातार दूसरी हार का मतलब चेक गणराज्य अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है। मैच के दूसरे दिन चेक गणराज्य पर आधा दर्जन गोल दागना चिली के लिए अच्छा संकेत है क्योंकि दूसरे स्थान के लिए अंक बराबर होने की स्थिति में यह काम आएगा।

लास डायब्लास के नाम से मशहूर चिली की सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम की शुरुआत अच्छी रही और उसने खेल पर जल्दी नियंत्रण बना लिया लेकिन पहले हाफ में वह केवल एक ही गोल कर सकी। ऐसा लगता है कि ब्रेक में कोच सर्जियो विजिल की उत्साहपूर्ण बातचीत ने अद्भुत काम किया क्योंकि उन्होंने दूसरे सत्र में पांच गोल किए, जिससे खुद को फायदा हुआ। चिली दूसरे हाफ में आक्रामक थी, उसने मिडफील्ड पर नियंत्रण रखा और पहले हाफ की तुलना में अपने मौकों का बेहतर फायदा उठाया। उन्होंने छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और उनमें से दो को गोल में बदला। कप्तान मैनुएला यूरोज रविवार को मैदान पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थी क्योंकि लास डायब्लास ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपना पुनरुत्थान जारी रखा।



## ट्रैफिक से बचने के लिए अक्षय कुमार ने मुंबई मेट्रो में किया सफर

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने ट्रैफिक से बचने के लिए मुंबई मेट्रो में यात्रा की।मेट्रो में सफर करते हुए अक्षय की एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक्स, जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था, पर एक वीडियो में अक्षय को पैंट के साथ टी-शर्ट पहने दिखाया गया है। वह निर्माता दिनेश विजान के बगल में बैठे है और उन्होंने बेसबॉल कैप और फेसमास्क से मुंह छिपाया हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब अक्षय ने समय पर पहुंचने के लिए मुंबई मेट्रो ली है। वह इन दिनों को-स्टार इमरान हाशमी के साथ अपनी फिल्म सेल्फी का प्रोमोशन कर रहे है।

कई मशहूर हस्तियां ट्रैफिक से बचने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करती रहती हैं। हाल ही में विद्युत जामवाल को क्रैक की शूटिंग के लिए दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद मेट्रो लेते देखा गया। हेमा मालिनी भी मेट्रो से सफर करती नजर आई।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, अक्षय अगली बार टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे, जो ईद पर रिलीज होगी।

## कभी भी रणबीर,रिद्धिमा के दोस्त नहीं थे ऋषि कपूर

पिछली बार फिल्म जुगजग जीयो में नजर आने वाली अनुभवी अभिनेत्री नीतू कपूर स्ट्रीमिंग चैट शो कॉफी विद करण के नवीनतम एपिसोड में इंस्टाग्राम की रानी जीनत अमान के साथ दिखाई दीं। एपिसोड के दौरान नीतू ने खुलासा किया कि उनके दिवंगत पति अभिनेता ऋषि कपूर, रणबीर और रिद्धिमा के कभी दोस्त नहीं थे।नीतू कपूर ने अपने न्यूयॉर्क के दिनों को याद किया जब ऋषि कपूर का कैंसर का इलाज चल रहा था। उन्होंने खुलासा किया कि यह केवल वो समय था, जब वह अपने परिवार के प्रति खुल गए थे।उन्होंने कहा, करण मुझे उस दुखद हिस्से को याद करना पसंद नहीं है। मुझे हमारे रिश्ते के अच्छे हिस्से और न्यूयॉर्क में बिताए समय को याद करना पसंद है। न्यूयॉर्क वास्तव में दुखद था, लेकिन, हमारे लिए वह सबसे अच्छा वर्ष था।उन्होंने आगे कहा, आप जानते हैं कि चिंटू जी (ऋषि कपूर) बहुत प्यारे इंसान थे। उनमें बहुत प्यार था। लेकिन कुछ ऐसा था जिसके प्रति उन्होंने कभी अपना प्यार नहीं दिखाया। वह हमेशा दूरी बनाए रखते थे और लोगों को धमकाते थे। खासकर मेरे और मेरे बच्चों के लिए वह अपना प्यार नहीं दिखाते थे। उन्होंने अपने बच्चों के साथ बहुत कुछ खो दिया। वह कभी उनके मित्र नहीं रहे।कॉफी विद करण सीजन 8 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होता है।



## सूर्या ने पूरी की कंगुवा की शूटिंग, फिल्म से नई तस्वीरें की शेयर

विक्रम के आखिरी दृश्य में रोलेक्स भाई की भूमिका निभाकर सबका दिल जीतने वाले तमिल सुपरस्टार सूर्या ने आगामी फिल्म कांगुवा में अपनी शूटिंग पूरी कर ली है।

अभिनेता ने एक्स पर फिल्म से एक नई तस्वीर शेयर करते हुए अपने प्रशंसकों के साथ अपडेट शेयर किया।

सूर्या की शेयर तस्वीर में उन्हें एक योद्धा के चरित्र में दिखाया गया है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, फिल्म कांगुवा के लिए किया गया मेरा आखिरी शॉट, पूरी यूनिट सकारात्मकता से भरी हुई है, यह एक का समापन और कई की शुरुआत है, सभी यादों के लिए प्रिय डायरेक्टर शिवा और टीम को धन्यवाद।

कांगुवा में दिशा पटानी और बॉबी देओल भी हैं।

स्टूडियो ग्रीन के.ई. द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म 3डी फॉर्मेट सहित 10 भाषाओं में रिलीज होगी।



# अजय देवगन के काम की बड़ी प्रशंसक हैं अभिनेत्री वाणी कपूर



रेड 2 में अजय देवगन के साथ अभिनय करने को लेकर अभिनेत्री वाणी कपूर बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि वह उनके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं।वाणी ने कहा- कलाकारों के पास हमेशा उन लोगों की एक बकेट लिस्ट होती है जिनके साथ वह कोई रचनात्मक सहयोग करना चाहते है। मैं हमेशा से अजय देवगन के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। वह कैमरे पर प्रकृति की अद्भुत शक्ति हैं और मेरे पास उनकी बहुत सी फिल्में हैं जो मुझे पसंद हैं।उन्होंने कहा कि इसलिए अजय सर के साथ स्क्रीन शेयर करना सम्मान की बात है, जिन्हें हमारे देश के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक माना जाता है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि सेट पर उनके साथ काम करने से एक कलाकार के रूप में मेरे अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। रेड सबसे मनोरंजक प्रासंगिक फिल्मों में से एक है और इसमें अजय सर का जबरदस्त अभिनय था।

उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में अपना उत्साह नहीं रोक पा रहा हूं कि मैं उनकी विशाल फ्रेंचाइजी का हिस्सा हूं जो निश्चित रूप से दुनिया भर के लोगों का फिर से मनोरंजन करेगी।

यह फिल्म 6 जनवरी को मुंबई में फ्लोर पर आ गई है और इसमें निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ आए हैं।

फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है।

रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। यह फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत की गई है । यह पैनोरमा स्टूडियो की प्रोडक्शन है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सुशासन

## एक माह में पूरी हुई मोदी की गारंटी



18 लाख से अधिक
ग़रीब परिवारों को नि:शुल्क आवास

13 लाख किसानों को धान के
बकाया बोनस के 3716 करोड़

किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल
धान खरीदी

50 लाख ग्रामीण परिवारों
को नि:शुल्क नल कनेक्शन

69.92 लाख गरीब परिवारों को
आगामी पाँच वर्षों तक नि:शुल्क राशन

महतारी वंदन योजना
1200 करोड़ रुपए का प्रावधान

पीएससी परीक्षा में अनियमितता की
शिकायतों की सीबीआई जाँच का निर्णय

विद्यार्थियों के लिए राजधानी रायपुर में
बनेगा एक और नालंदा परिसर

जशपुर के लिये मास्टर प्लान

छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों को अयोध्या में
रामलला के दर्शन के लिये
रामलला दर्शन योजना



मोदी की गारंटी

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

संवाद 39353/63

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)